Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
# वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 177 | सोमवार, 06 जुलाई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# यूपी में आम की दावत, सियासत पर चर्चा

## सीएम योगी से मिलकर नितिन नबीन ने सेट किया मिशन 2027 का टारगेट

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**उत्तर प्रदेश।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन इन दिनों उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। अपने दो दिनों के दौरे के दौरान वे लगातार भाजपा कार्यकताओं और बड़े पदाधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने का मंत्र दे रहे हैं।

अपने इस दौरे में नितिन नवीन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक से उनके घर पर जाकर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्हें आम की दावत भी दी गई, जिसका उन्होंने पूरा आनंद लिया।

इसके अलावा, उन्होंने एनडीए के सहयोगी दलों के साथ भी 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति पर बातचीत की।

### पूर्व अध्यक्षों के साथ चाय पर चर्चा

दौरे के दूसरे दिन नितिन नवीन ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ चाय पर चर्चा की। इस बैठक में सभी ने अपने पुराने संगठनात्मक अनुभवों को साझा किया और आने वाले चुनाव में पार्टी को पहले से भी बड़ी जीत दिलाने की योजना पर विस्तार से बात की।

बैठक शुरू होने से पहले भाजपा के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने उनका स्वागत किया। भाजपा सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करने, कार्यकताओं को ज्यादा सक्रिय करने और 2027 के चुनावी रोडमैप पर चर्चा की गई। हालांकि, वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय कटियार इस बैठक में शामिल नहीं हो सके।

### अनुभव से मजबूत होगा संगठन

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के सालों के संगठनात्मक अनुभव और उनकी कार्यशैली से मिली सीख संगठन को और ज्यादा मजबूत व असरदार बनाने में मदद करेगी।

वहीं, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुवाई में हुई इस बैठक में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बिठाने पर चर्चा हुई। उन्होंने दावा किया कि भाजपा अपने अच्छे कामों के दम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2027 में लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी।

### विपक्ष पर निशाना और 2027 का लक्ष्य

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता गुंडाराज, माफियाराज, परिवारवाद और दंगों की राजनीति बिल्कुल नहीं चाहती, बल्कि वे विकास, अच्छा शासन और सुरक्षा चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के रहने से ही प्रदेश समृद्ध होगा, जबकि सपा की सरकार आने पर अराजकता और जमीन कब्जाने के मामले बढ़ेंगे।

मौर्य ने दावा किया कि अगले 21 सालों तक समाजवादी पार्टी सत्ता से दूर रहेगी और देश व राज्य को 2047 तक विकसित बनाने का लक्ष्य हासिल किया जाएगा।

बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि सरकार और संगठन मिलकर 2017 जैसी बड़ी जीत को 2027 में भी दोहराएंगे। इस खास बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही, भूपेंद्र सिंह चौधरी, स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. रमापति राम त्रिपाठी और डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## चंदन होला में आधी रात धधकी फैक्ट्री, 8 घंटे चला आग का तांडव



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चंदन होला इलाके में रविवार तड़के करीब 2:00 बजे एक फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। यह फैक्ट्री पंजाब नेशनल बैंक के पास स्थित है। दमकल अधिकारी मनीष शेरावत ने बताया कि उन्हें रात करीब 2:30 बजे इस हादसे की जानकारी मिली थी। आग इतनी भयानक थी कि उसने देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के मुताबिक, आग लगभग 5,000 वर्ग गज के बड़े इलाके में फैली हुई थी और इसकी तीव्रता बहुत ज्यादा थी। आग बुझाने के लिए एक-एक करके कुल 30 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इसे मध्यम श्रेणी की आग घोषित किया गया था। दमकल कर्मियों की भारी मशक्कत के बाद, लगभग 8 घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। राहत की बात यह है कि इस बड़े हादसे में किसी की जान नहीं गई है और न ही कोई घायल हुआ है। फैक्ट्री में आग किस वजह से लगी, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की बारीकी से जांच की जाएगी, जिसके बाद ही आग लगने के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े विज्ञापनों को लेकर केंद्र सख्त, मेटा को जारी किया नोटिस

वेलकम इंडिया, नेटवर्क




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इंस्टाग्राम पर पेड विज्ञापनों के जरिए बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़े कंटेंट (सीएसईएएम) को लेकर मेटा को सख्त नोटिस जारी किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इंस्टाग्राम को ऐसे सभी विज्ञापनों और कंटेंट को हटाने का निर्देश दिया है, जो सीएसईएएम को बढ़ावा देते हैं या ऐसे कंटेंट तक पहुंच आसान बनाते हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने मेटा से सात दिनों के भीतर इस मामले में विस्तृत जवाब मांगा है।

### मेटा से मांगी जा सकती है विस्तृत रिपोर्ट

सूत्रों का कहना है कि मंत्रालय मेटा की कंटेंट मॉडरेशन प्रणाली, विज्ञापनों की समीक्षा प्रक्रिया और उसके प्लेटफॉर्म पर अवैध एवं हानिकारक सामग्री के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी भी मांग सकता है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक इस मामले पर मेटा की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

इससे पहले मंत्रालय ने मेटा से पूछा था कि इंस्टाग्राम पर ऐसे विज्ञापन कैसे प्रसारित हुए और उन्हें रोकने के लिए प्लेटफॉर्म की ओर से क्या कदम उठाए गए। साथ ही यह भी पूछा गया कि बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए कंपनी क्या कदम उठा रही है?

### वाट्सएप यूजरनेम फीचर पर जवाब के लिए मेटा ने मांगी तीन दिन की मोहलत

इस बीच, वाट्सएप के यूजरनेम फीचर को लेकर मेटा की टीम ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात कर विस्तृत जवाब देने के लिए तीन दिनों का समय मांगा है। इसके बाद मंत्रालय ने मेटा को नोटिस जारी कर दिया।

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब हाल ही में भारत सरकार ने वाट्सएप यूजरनेम फीचर के रोलआउट को फिलहाल रोक दिया था। इसके जवाब में वाट्सएप ने स्पष्ट किया कि उसका नया यूजरनेम फीचर पूरी तरह वैकल्पिक होगा।

कंपनी का कहना है कि इसे लागू करने से पहले पहचान की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और अनचाहे संपर्क जैसी समस्याओं से बचाव के लिए कई सुरक्षा उपाय जोड़े गए हैं।

कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूछे गए कई सवालों के जवाब में कहा कि किसी भी यूजर के लिए यूजरनेम बनाना अनिवार्य नहीं होगा।

साथ ही इंस्टाग्राम और फेसबुक पर पहले से मौजूद यूजरनेम, सार्वजनिक हस्तियों, सरकारी संस्थाओं तथा मेटा वेरिफाइड अकाउंट्स के नाम सुरक्षित रखे गए हैं, ताकि उनका इस्तेमाल केवल उनके वास्तविक मालिक ही कर सकें।

## वीएचपी के आलोक कुमार की विपक्ष को चुनौती, अयोध्या मामले पर सबूत पेश करें

वेलकम इंडिया, नेटवर्क




**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने अयोध्या के डीसीपी को लिखे अपने पत्र पर और सफाई दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेताओं ने जो बयान दिए हैं, उनसे जांच में बड़ी मदद मिल सकती है। आलोक कुमार के मुताबिक, राम गोपाल यादव ने कहा कि यह 20,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला है और प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी हजारों करोड़ के चंदे की बात कही है।

विहिप अध्यक्ष ने कहा, 'ये सभी बड़े, पढ़े-लिखे लोग हैं और लंबे समय से ऊंचे पदों पर रहे हैं, इसलिए वे किसी न किसी आधार पर ही ऐसा कह रहे होंगे।' उन्होंने साफ किया कि उनके पत्र में कोई आरोप नहीं है, बल्कि उन्होंने सिर्फ यह कहा है कि पुलिस इन नेताओं से सबूत, जानकारी या गवाह मांगे ताकि जांच पूरी हो सके।

### चोरी हो या डकैती, जांच से ही सच आएगा सामने

राम मंदिर चंदे में हेराफेरी के आरोपों पर आलोक कुमार ने कहा कि विहिप ने हर एक आरोप की बारीकी से जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा, 'कोई इसे चोरी कहे, लूट कहे या डकैती, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता; असल में क्या हुआ था, यह सिर्फ जांच से ही साफ होगा।' इसके साथ ही उन्होंने राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा की टिप्पणियों पर कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया।

### अयोध्या से दिल्ली बैठक शिफ्ट होने पर उठाए सवाल का जवाब

विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय समिति की बैठक को अयोध्या से दिल्ली शिफ्ट किए जाने के सवाल पर आलोक कुमार ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि बैठक कहाँ आयोजित की जाए, इस पर कोई सवाल नहीं होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि जून में अयोध्या में बैठक की योजना थी, लेकिन वहां के कुछ स्थानीय घटनाक्रमों के कारण व्यवस्था करने में दिक्कतें आईं, जिसकी वजह से बैठक को टालना पड़ा। अब यह बैठक दिल्ली में हो रही है। उन्होंने दोटूक कहा कि किसी को भी विहिप को यह सलाह देने या सवाल उठाने का हक नहीं है कि बैठक अयोध्या में क्यों नहीं हो रही है। संगठन अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी बैठक करने के लिए स्वतंत्र है।

## बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर का बड़ा दांव, बीजेपी को हराने के लिए तेजस्वी से मांगी मदद

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव ने राज्य के सियासी पारे को बढ़ा दिया है। जन सुराज पार्टी की ओर से खुद को उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद प्रशांत किशोर ने एक बड़ा राजनीतिक दांव खेला है। चुनावी मैदान में उतरते ही उन्होंने विपक्षी महागठबंधन (आरजेडी और कांग्रेस) के सामने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है।

प्रशांत किशोर ने खुले मंच से तेजस्वी यादव और उनके सहयोगी दलों से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने गठबंधन से अनुरोध किया है कि वे इस चुनाव में जाति और मजहब के पुराने बंधनों को तोड़कर जन सुराज का साथ दें।

### चार सालों से जन सुराज ही मेरी जिंदगी

बांकीपुर सीट से अपनी उम्मीदवारी तय होने के बाद प्रशांत किशोर काफी भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों से जन सुराज ही उनकी जिंदगी, उनका घर और एकमात्र मिशन रहा है।

पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वे उसे पूरा करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। पीके ने दावा किया कि यदि बांकीपुर की जनता का आशीर्वाद उन्हें मिला, तो वे यह चुनाव जरूर जीतेंगे। इससे उनकी पार्टी का हौसला बढ़ेगा और बिहार में बदलाव की शुरूआत होगी। बांकीपुर सीट को पारंपरिक रूप से बीजेपी का मजबूत गढ़ माना जाता है। इस गढ़ को भेदने के लिए प्रशांत किशोर ने विरोधियों से ही समर्थन मांग लिया है। पीके चाहते हैं कि महागठबंधन अपने पारंपरिक वोट बैंक के समीकरणों से ऊपर उठकर, बीजेपी को हराने के लिए उन्हें एक मजबूत विकल्प के रूप में समर्थन दे। उन्होंने मतदाताओं से वादा किया कि अगर वे जीतकर विधानसभा पहुंचते हैं, तो बिना किसी डर के सिर्फ जनता की आवाज उठाएंगे। उन्होंने अपील की कि लोग पार्टी लाइन से अलग हटकर सिर्फ काम करने वाले चेहरे को वोट दें।

### उपचुनाव को बताया मौजूदा सरकार की परीक्षा

प्रशांत किशोर ने राज्य की मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह उपचुनाव सरकार के कामकाज का लिटमस टेस्ट है। जनता सरकार की नीतियों और फैसलों से कितनी खुश है, इसका फैसला बांकीपुर के चुनावी नतीजों से पूरी तरह साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता इस परीक्षा में सरकार को पास करती है या फेल।

### सरकार तो नहीं बदलेगी, लेकिन दिशा तय होगी

पीके ने साफ किया कि बांकीपुर उपचुनाव के नतीजों से रातों-रात बिहार की मौजूदा सरकार नहीं गिर जाएगी, लेकिन इस एक सीट का परिणाम बिहार की भविष्य की राजनीति को एक नई और सकारात्मक दिशा जरूर दे सकता है। उन्होंने जागरूक मतदाताओं से अपील की कि वे इस बड़े मौके को हाथ से न जाने दें और काम करने वाले सही उम्मीदवार को चुनकर राज्य में बदलाव की नई हवा चलाएं।

## 'दत्तात्रेय होसबाले के बयान से पूरी तरह सहमत हूं', राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर आया मोहन भागवत का बयान

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि वह राम मंदिर चंदे के मामले पर संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले की बात से सहमत हैं। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए भागवत ने कहा, 'होसबाले जी का बयान देखिए... मेरी भी वही प्रतिक्रिया है।' आरएसएस प्रमुख ने यह प्रतिक्रिया एक कार्यक्रम के दौरान दी, जब उनसे राम मंदिर चंदे में हेराफेरी के विवाद पर उनकी राय पूछी गई। शुक्रवार को एक बयान में होसबाले ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में कथित दान चोरी ने पूरे समाज की भावनाओं और आस्था को गहरा ठेस पहुंचाई है और यह पक्का करने की मांग की कि जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाए उसे कड़ी सजा मिले। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'हिंदू-विरोधी और देश-विरोधी ताकतें' 'इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना' का फायदा उठाकर हिंदू धर्म को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं और हिंदू समाज से 'इस मुश्किल समय' में ऐसी 'साजिशों' को नाकाम करने के लिए जरूरी सब्र और संयम दिखाने को कहा। आरएसएस महासचिव ने कहा था कि जो भी दोषी पाया जाए, उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## न्यायमूर्ति वर्मा पर रिपोर्ट मानसून सत्र में पेश की जाएगी: ओएम बिरला

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** यह रिपोर्ट तीन सदस्यीय समिति द्वारा तैयार की गई है, जिसका गठन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के कारणों की जांच के लिए किया गया था। 12 अगस्त, 2025 को न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से बड़ी संख्या में जले हुए नोटों की बरामदगी के बाद इस तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि जांच समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट आगामी संसदीय सत्र में पेश की जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर जांच समिति की रिपोर्ट आगामी मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में पेश की जाएगी, क्योंकि सभी दलों के सांसदों ने इसकी मांग की थी। यह रिपोर्ट तीन सदस्यीय समिति द्वारा तैयार की गई है, जिसका गठन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के कारणों की जांच के लिए किया गया था। 12 अगस्त, 2025 को न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से बड़ी संख्या में जले हुए नोटों की बरामदगी के बाद इस तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।

अध्यक्ष ने न्यायाधीश को हटाने के लिए बहुदलीय नोटिस स्वीकार करने के बाद उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए समिति का गठन किया था, जिससे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो गई। कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में बिरला ने कहा, 'रिपोर्ट मानसून सत्र के दौरान





पेश की जाएगी। आगे की कार्रवाई बाद में तय की जाएगी।' उनकी यह टिप्पणी उस दिन आई जब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने घोषणा की कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त को समाप्त होगा।

अपने आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में जले हुए करेंसी नोटों की बरामदगी के बाद महाभियोग की कार्यवाही का सामना कर रहे न्यायमूर्ति वर्मा ने 9 अप्रैल को इस्तीफा दे दिया। हालांकि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अभी तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। यह बरामदगी मार्च 2025 में हुई थी जब वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने शुरू में इस्तीफा देने से इनकार कर दिया और बाद में उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया।

पिछले साल 12 अगस्त को, बिरला ने 21 जुलाई को 146 लोकसभा सांसदों से वर्मा को हटाने की मांग वाला प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद जांच समिति का गठन किया था। संबंधित कानूनों और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का हवाला देते हुए, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों को गंभीर प्रकृति का पाया और इसके बाद 'आंतरिक प्रक्रिया' शुरू की।

इससे पहले, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने आरोपों की आंतरिक जांच शुरू की थी और न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। आंतरिक समिति ने 4 मई, 2025 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने या महाभियोग की कार्यवाही का सामना करने के लिए कहा था।

हालांकि, न्यायमूर्ति वर्मा ने शुरू में इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था, इसलिए आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट और उनका जवाब दोनों राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को उनकी बर्खास्तगी की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भेज दिए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश द्वारा उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश के खिलाफ न्यायमूर्ति वर्मा की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

## संपादक की कलम से

### मोब लीचिंग, भीड़ तंत्र का फैसला सामाजिक संरचना की भीषण विफलता



ललित शर्मा
संपादक

सामूहिक भीड़ का कोई मस्तिष्क नहीं होता। उसके द्वारा उन्माद में लिए गए सड़क पर त्वरित फैसले सामाजिक संरचना के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरते हैं और राजकीय संपत्ति के लिए कई बार भारी नुकसान दायक भी होते हैं। भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग। वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है, आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है। और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुत: एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है। यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं। और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है। भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण हैं जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है।

## सत्य का स्वर, असत्य का शोर

किशन भावनानीं

कविता



ऊँची आवाजों में अक्सर, भ्रम का बाजार सजता है,
सत्य का दीपक मौन रहकर, युगों तक उजियारा रचता है।
झूठ क्षणिक ताली का भूखा, हर पल रूप बदलता है,
सच परम चेतना बनकर, ब्रह्माण्ड के कण-कण में पलताहै

असत्य को प्रमाण नहीं, केवल प्रचंड प्रदर्शन चाहिए,
सत्य को किसी मंच का नहीं, आत्मदीप्त दर्शन चाहिए।
झूठ शब्दों का तूफान है, जो पलभर में बिखर जाता है,
सच ईश्वर की वाणी बनकर, मौन में भी अमर हो जाता है।

झूठ अहंकार की प्रतिध्वनि है, स्वयं से ही हार जाता है,
सत्य आत्मा का निनाद है, काल से भी पार जाता है।
कोलाहल का जीवन सीमित, मौन का आकाश अनंत है,
जिसके अंतर्मन में सत्य जगे, वही वास्तविक संत है।

स्वर की ऊँचाई से, विचारों की ऊँचाई नहीं मापी जाती,
सत्य की सुगंध बिना कहे भी, ब्रह्मांड में स्वयं फैल जाती।
झूठ समय का बंदी बनकर, इतिहास में खो जाता है,
सच सनातन प्रकाश बनकर, प्रत्येक युग में मुस्काता है।

जब हृदय निर्मल होता, तब शब्द शोर नहीं करना पड़ता
सत्य स्वयं साक्षी हो, किसी को जोर नहीं करना पड़ता।
असत्य की गूँज क्षणभंगुर, सत्य का स्पंदन शाश्वत है,
धीमे स्वर में बोला सच ही, सृष्टि का वास्तविक मंत्र है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# लोकतंत्र का अदृश्य बाजार: क्या चुनाव अब जनादेश से अधिक डेटा, धन और धारणा-निर्माण का खेल बन चुके हैं?



एन0के0शर्मा
लेखक

लोकतंत्र को लंबे समय तक जनता की सामूहिक इच्छा का सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम माना गया। यह वह व्यवस्था थी जिसमें मतपेटी केवल सत्ता परिवर्तन का साधन नहीं, बल्कि नागरिक की गरिमा, समानता और राजनीतिक भागीदारी का प्रतीक थी। किंतु इक्कीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक तक पहुँचते-पहुँचते लोकतंत्र के स्वरूप में एक गहरा और जटिल परिवर्तन दिखाई देने लगा है। आज चुनाव केवल विचारधाराओं, घोषणापत्रों और जनसंवाद का उत्सव नहीं रह गए हैं; वे डेटा, धन, डिजिटल प्रौद्योगिकी, मनोवैज्ञानिक प्रभाव, छवि-निर्माण और सूचनात्मक प्रतिस्पर्धा के ऐसे संगम में बदलते दिखाई देते हैं जहाँ मतदाता केवल नागरिक नहीं, बल्कि एक 'डेटा प्रोफाइल' भी बन जाता है। यही वह अदृश्य बाजार है जिसमें मत, मन और मतदाता-तीनों अलग-अलग स्तरों पर प्रभावित होने की संभावना रखते हैं।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी पारदर्शिता और नागरिक की स्वतंत्र चेतना मानी जाती है। किंतु जब नागरिक के व्यवहार, पसंद, भय, आकांक्षाओं और सामाजिक संबंधों का विशाल डिजिटल संग्रह तैयार होने लगे, तब चुनावी रणनीतियाँ केवल जनसभाओं तक सीमित नहीं रहतीं। आधुनिक राजनीतिक अभियानों में मतदाताओं के समूहों को उनकी रुचियों, आयु, भाषा, क्षेत्र, सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों और ऑनलाइन व्यवहार के आधार पर अलग-अलग संदेश भेजे जा सकते हैं। समर्थक इसे अधिक प्रभावी संवाद का माध्यम मानते हैं, जबकि आलोचक आशंका जताते हैं कि अत्यधिक लक्षित संदेश मतदाताओं की स्वतंत्र निर्णय-प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। आज सूचना स्वयं राजनीतिक शक्ति का स्रोत बन चुकी है। जिस समाज में सूचना का प्रवाह तेज हो, वहाँ यह प्रश्न और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि नागरिक तक पहुँचने वाली जानकारी कितनी सत्यापित, संतुलित और संदर्भपूर्ण है। सोशल मीडिया मंचों, वीडियो प्लेटफॉर्मों और त्वरित संदेश सेवाओं ने लोकतांत्रिक संवाद को अभूतपूर्व गति दी है, परंतु इसी गति ने अपुष्ट दावों, भ्रामक सामग्री और भावनात्मक संदेशों के प्रसार की चुनौती भी बढ़ाई है। किसी भी लोकतंत्र के लिए यह संतुलन अत्यंत कठिन है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनी रहे, पर साथ ही तथ्यात्मक विश्वसनीयता भी संरक्षित रहे। चुनावी राजनीति में धन का प्रभाव कोई नया विषय नहीं है, किंतु डिजिटल युग में उसका स्वरूप कहीं अधिक जटिल हो गया है। चुनावी अभियानों में विज्ञापन, जनसंपर्क, विश्लेषणात्मक उपकरण, डिजिटल प्रचार, सर्वेक्षण, सामग्री निर्माण, स्वयंसेवी नेटवर्क, संचार अवसंरचना और तकनीकी विशेषज्ञता पर होने वाला व्यय लगातार बढ़ा है।



समर्थकों का तर्क है कि बड़े और विविध समाजों में प्रभावी संवाद के लिए आधुनिक संसाधनों की आवश्यकता स्वाभाविक है। दूसरी ओर यह चिंता भी व्यक्त की जाती है कि यदि संसाधनों की असमानता अत्यधिक बढ़ जाए तो विचारों की प्रतिस्पर्धा पर आर्थिक क्षमता का प्रभाव अधिक दिखाई दे सकता है। डेटा आधुनिक राजनीति की नई मुद्रा बन चुका है। नागरिकों के डिजिटल व्यवहार से प्राप्त सूचनाएँ राजनीतिक दलों, शोधकताओं और रणनीतिकारों के लिए मूल्यवान हो सकती हैं। जब यह जानकारी कानूनी, पारदर्शी और नागरिक की सहमति के अनुरूप उपयोग में लाई जाती है, तब इसे लोकतांत्रिक संचार का एक साधन माना जा सकता है। किंतु यदि डेटा संग्रह, विश्लेषण या उपयोग पारदर्शिता से दूर हो, या नागरिकों को पर्याप्त जानकारी न हो कि उनके बारे में कौन-सी सूचनाएँ किस उद्देश्य से प्रयुक्त हो रही हैं, तो निजता, विश्वास और लोकतांत्रिक निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न उठ सकते हैं। लोकतंत्र में धारणा-निर्माण सदैव से राजनीति का हिस्सा रहा है। अंतर केवल इतना है कि पहले यह कार्य मुख्यतः जनसभाओं, समाचारपत्रों, रेडियो और सीमित प्रसारण माध्यमों से होता था, जबकि अब डिजिटल मंचों पर कुछ ही क्षणों में करोड़ों लोगों तक संदेश पहुँच सकता है। एक आकर्षक दृश्य, एक प्रभावशाली नारा, एक भावनात्मक वीडियो या एक वायरल पोस्ट कभी-कभी लंबी नीतिगत बहसों से अधिक ध्यान आकर्षित कर लेते हैं। इससे राजनीति में संक्षिप्त, भावनात्मक और त्वरित संचार का महत्व बढ़ा है, जबकि जटिल नीतिगत विमर्श अपेक्षाकृत कम दृश्यता पा सकते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इस परिवर्तन को और अधिक गहन बना दिया है। अब विशाल मात्रा में उपलब्ध सार्वजनिक सूचनाओं का विश्लेषण करके प्रवृत्तियों का अध्ययन करना, संचार की प्रभावशीलता बढ़ाना, विभिन्न भाषाओं में सामग्री तैयार करना और मतदाताओं की प्राथमिकताओं को समझने का प्रयास पहले की तुलना में कहीं अधिक सरल हो गया है। साथ ही, यही तकनीक भ्रामक दृश्य सामग्री, कृत्रिम आवाज या वास्तविक प्रतीत होने वाली लेकिन परिवर्तित डिजिटल सामग्री के निर्माण में भी प्रयुक्त हो सकती है। इसीलिए अनेक लोकतंत्र ऐसे तकनीकी उपयोगों के लिए पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और नियमन पर चर्चा कर रहे हैं। मीडिया लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। परंपरागत मीडिया संस्थानों और डिजिटल मंचों की भूमिकाएँ लगातार बदल रही हैं। एक ओर स्वतंत्र पत्रकारिता सत्ता, विपक्ष और सार्वजनिक संस्थाओं से कठिन प्रश्न पूछती है; दूसरी ओर तीव्र प्रतिस्पर्धा, तात्कालिकता और दर्शक संख्या की दौड़ कभी-कभी गहन पड़ताल की जगह त्वरित प्रतिक्रियाओं को बढ़ावा दे सकती है। ऐसे परिवेश में तथ्य-जांच, स्रोतों की पुष्टि और संपादकीय उत्तरदायित्व पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं। विश्व के अनेक लोकतंत्र चुनावी वित्त, डिजिटल विज्ञापन, डेटा सुरक्षा, विदेशी प्रभाव, मंचों की जवाबदेही और चुनावी पारदर्शिता से जुड़े प्रश्नों पर नए नियमों और संस्थागत सुधारों पर विचार कर रहे हैं। कहीं डिजिटल विज्ञापनों की सार्वजनिक जानकारी उपलब्ध कराने के प्रयास हो रहे हैं, कहीं डेटा संरक्षण कानूनों को सुदृढ़ किया जा रहा है, तो कहीं चुनावी प्रचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग के लिए दिशा-निर्देश विकसित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को सीमित करना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत करना है। लोकतंत्र का वास्तविक आधार केवल मतदान नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकता है। यदि नागरिक सूचना के स्रोतों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें, विभिन्न दृष्टिकोणों को सुनें, तथ्यों की पुष्टि करें और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के स्थान पर विवेकपूर्ण निर्णय लें, तो लोकतांत्रिक संस्थाएँ अधिक सुदृढ़ हो सकती हैं। इसी प्रकार राजनीतिक दलों, मीडिया संस्थानों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, नियामक संस्थाओं और नागरिक समाज-सभी की साझा जिम्मेदारी है कि चुनावी प्रतिस्पर्धा विश्वास, पारदर्शिता और निष्पक्षता के सिद्धांतों पर आधारित रहे। यह प्रश्न कि 'क्या चुनाव अब जनादेश से अधिक डेटा, धन और धारणा-निर्माण का खेल बन चुके हैं?'-किसी एक देश, दल या विचारधारा तक सीमित नहीं है। यह आधुनिक लोकतंत्रों के सामने उपस्थित एक व्यापक और जटिल विमर्श है। इसका उत्तर भी सरल 'हाँ' या 'नहीं' में नहीं दिया जा सकता। यह स्वीकार करना होगा कि तकनीक, संसाधन और संचार आधुनिक चुनावों का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं; साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि इन साधनों का उपयोग लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक अधिकारों और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के अनुरूप हो।

अंततः लोकतंत्र का भविष्य मशीनों, एल्गोरिद्मों या विशाल डेटा-संग्रहों से नहीं, बल्कि उस नागरिक विवेक से निर्धारित होगा जो स्वतंत्र रूप से सोचने, प्रश्न पूछने, असहमति व्यक्त करने और तथ्यों के आधार पर निर्णय लेने का साहस रखता है। यदि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने की तकनीक में सिमट गया, तो वह अपनी आत्मा खो देगा; किंतु यदि प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और नागरिक चेतना का संतुलित समन्वय स्थापित किया जा सका, तो लोकतंत्र स्वयं को नए युग के अनुरूप पुनः सशक्त भी कर सकता है। यही हमारे समय की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक चुनौती भी है और सबसे महत्वपूर्ण अवसर भी।

# क्लिनिक से परे जुड़ना: भारतीय डॉक्टरों की सोशल मीडिया यात्रा



डॉ विजय गर्ग
लेखक

आज के डिजिटल युग में डॉक्टरों की भूमिका केवल अस्पतालों और क्लिनिकों तक सीमित नहीं रह गई है। अब वे सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों तक पहुंच रहे हैं, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दे रहे हैं और समाज को जागरूक बनाने का कार्य कर रहे हैं। भारत में बड़ी संख्या में डॉक्टर इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स और अन्य डिजिटल मंचों का उपयोग कर रहे हैं। यह एक नई सामाजिक और पेशेवर यात्रा है, जिसने चिकित्सा जगत को एक नया आयाम दिया है।

भारत जैसे विशाल देश में स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। इंटरनेट पर अनेक भ्रामक और अप्रमाणित जानकारियां उपलब्ध हैं, जिनके कारण लोग गलत उपचार अपनाने लगते हैं। ऐसे में डॉक्टर सोशल मीडिया के माध्यम से वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जानकारी सरल भाषा में प्रस्तुत कर रहे हैं। वे लोगों को बीमारियों के लक्षण, बचाव, टीकाकरण, पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूक बना रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान सोशल मीडिया पर डॉक्टरों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही। उन्होंने



अफवाहों और गलत धारणाओं का खंडन किया तथा लोगों को सही स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि डिजिटल मंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य जागरूकता का प्रभावी माध्यम भी बन सकते हैं। सोशल मीडिया डॉक्टरों और मरीजों के बीच संवाद को भी अधिक सहज बनाता है। पहले जहां डॉक्टर केवल क्लिनिक में ही उपलब्ध होते थे, वहीं अब वे छोटे वीडियो, लाइव सत्र और पोस्ट के माध्यम से आम लोगों के प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं। इससे लोगों का विश्वास बढ़ता है और डॉक्टरों की मानवीय छवि भी सामने आती है। युवा डॉक्टरों के लिए सोशल मीडिया पेशेवर विकास का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। वे अपनी विशेषज्ञता को साझा कर सकते हैं, चिकित्सा समुदाय के अन्य विशेषज्ञों से जुड़ सकते हैं और स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे सकते हैं। इससे उनकी पहचान और विश्वसनीयता में भी वृद्धि होती है। हालांकि, इस यात्रा के साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। लोकप्रियता की दौड़ में चिकित्सा नैतिकता से समझौता नहीं किया जा सकता। डॉक्टरों को मरीजों की गोपनीयता बनाए रखने, वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जानकारी देने और व्यावसायिक हितों से ऊपर जनहित को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए। भारतीय चिकित्सा समुदाय भी इस नए बदलाव को स्वीकार कर रहा है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सोशल मीडिया का सही ढंग से उपयोग किया जाए, तो यह स्वास्थ्य शिक्षा और जनकल्याण का सशक्त साधन बन सकता है। इससे डॉक्टर अपनी सेवाओं का दायरा क्लिनिक की चारदीवारी से बाहर तक विस्तारित कर सकते हैं। अंततः, भारतीय डॉक्टरों की सोशल मीडिया यात्रा केवल लोकप्रियता प्राप्त करने की कहानी नहीं है, बल्कि समाज से बेहतर जुड़ाव, स्वास्थ्य जागरूकता और ज्ञान के प्रसार की एक नई पहल है। आज का डॉक्टर केवल रोगों का उपचार करने वाला विशेषज्ञ नहीं, बल्कि डिजिटल युग का एक प्रभावी शिक्षक और जनसेवक भी बन चुका है।

# स्मार्ट नहीं, समावेशी शहर: सूरत का स्लम-फ्री सफर राष्ट्रीय प्रेरणा बने



प्रो. आरके जैन
लेखक

जब किसी शहर की चमक झुग्गियों के अँधेरे को ढकने लगे, तब समझ लेना चाहिए कि विकास की तस्वीर अभी अधूरी है। भारत के अधिकांश शहर इसी अधूरेपन का बोझ ढो रहे हैं। ऐसे परिदृश्य में सूरत ने साबित किया है कि इच्छाशक्ति और सुशासन मिल जाएँ, तो तस्वीर बदल सकती है। वर्ष 2006 में जहाँ इस शहर की लगभग 36 प्रतिशत आबादी झुग्गियों में रहती थी, वहीं वर्ष 2026 तक यह आँकड़ा पाँच प्रतिशत से भी नीचे पहुँच गया। लगभग 70 से 80 लाख की आबादी वाले इस महानगर ने दिखा दिया कि शहरी गरीबी कोई अपरिहार्य नियति नहीं है। राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक दक्षता और जनभागीदारी मिलकर झुग्गियों को इतिहास बना सकती हैं। अब देश के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि सूरत की राह राष्ट्रीय नीति कब बनेगी।



हर बड़ा परिवर्तन किसी बड़ी सीख से जन्म लेता है। सूरत के लिए यह सीख 1994 की प्लेग जैसी महामारी थी, जिसने स्पष्ट किया कि अव्यवस्थित बस्तियाँ केवल गरीबी नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरी नियोजन और आर्थिक विकास-तीनों के लिए खतरा हैं। इसके बाद नगर प्रशासन ने झुग्गी पुनर्वास को विकास की प्राथमिकता बनाया। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), बेसिक सर्विसेज फॉर अर्बन पुअर (बीएसयूपी) और स्मार्ट सिटी मिशन को स्थानीय जरूरतों के अनुसार लागू किया गया। पुनर्वास के साथ पक्के मकानों के अलावा स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय, सड़कें और सामुदायिक सुविधाएँ भी दी गईं। परिणामस्वरूप पुनर्वासित परिवारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, स्वास्थ्य सेवाएँ बेहतर हुईं, बच्चों का स्कूल छोड़ना घटा और अपराध दर में कमी आई। किसी भी बदलाव की सबसे मजबूत नींव जनता का भरोसा होती है। सूरत ने विकास को सरकारी योजना नहीं, जनभागीदारी का अभियान बनाया। देश में अनेक पुनर्वास योजनाएँ इसलिए विफल रहीं क्योंकि लोगों को केवल लाभार्थी माना गया, भागीदार नहीं। सूरत ने यह सोच बदल दी। महिलाओं, स्व-सहायता समूहों और स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों को योजना निर्माण, क्रियान्वयन और निगरानी के हर स्तर पर भागीदारी दी गई। महिलाओं ने बस्तियों की जरूरतें सामने रखीं, पुनर्वास कार्यों की निगरानी की और निर्णय प्रक्रिया में भाग लिया। इससे योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ी, नए आवासीय क्षेत्रों के प्रति अपनत्व विकसित हुआ और पुनर्वासित बस्तियाँ समुदाय की अपनी बस्तियाँ बन गईं। विश्व बैंक ने भी अपने शहरी विकास अध्ययनों में सूरत के इस समुदाय-केंद्रित दृष्टिकोण को अनुकरणीय माना है। रोटी का भरोसा न हो, तो पक्की छत भी अधूरी सुरक्षा देती है। सूरत ने इसी सच्चाई को समझते हुए पुनर्वास को आर्थिक सशक्तीकरण से जोड़ा। पुनर्वासित परिवारों को हीरा, वस्त्र और अन्य लघु उद्योगों से जोड़ने के विशेष प्रयास किए गए। कौशल विकास केंद्र खोले गए, माइक्रो फाइनेंस उपलब्ध कराया गया और रोजगार से जोड़ने वाले तंत्र विकसित किए गए। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठ सके। यह अनुभव बताता है कि शहरी विकास केवल आवास निर्माण नहीं, बल्कि सम्मानजनक रोजगार, आय सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने का नाम है। जब तक शहर अपने गरीब नागरिकों को अर्थव्यवस्था का सक्रिय भागीदार नहीं बनाएँगे, तब तक शहरी गरीबी का स्थायी समाधान संभव नहीं होगा। शहर की असली परख उसकी रफ्तार नहीं, उसकी सांसों की गुणवत्ता होती है। सूरत ने दिखाया कि आधुनिक शहर केवल कंक्रीट नहीं, बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी से भी संचालित होते हैं। शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाए गए, अपशिष्ट प्रबंधन आधुनिक हुआ और आईओटी आधारित निगरानी लागू की गई। इनसे स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं में सुधार हुआ। आज जब कई शहर बाढ़, प्रदूषण और गर्मी से जूझ रहे हैं, सूरत का अनुभव बताता है कि पर्यावरणीय स्थिरता विकास की पहली शर्त है। भविष्य का शहर वही होगा जो आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन बनाए। सूरत का अनुभव अब नीति बनने की मांग करता है, न कि केवल सराहना की। इसे किसी एक नगर की उपलब्धि मानकर सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि राष्ट्रीय शहरी नीति का हिस्सा बनाना होगा। सबसे पहले सूरत मॉडल को देशभर में लागू करने की स्पष्ट नीति बने। दूसरे, वित्तीय संसाधनों को लचीला कर निजी क्षेत्र और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) को जोड़ा जाए। तीसरे, नगर निकायों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम चलें ताकि वे सूरत से सीखकर बेहतर क्रियान्वयन कर सकें। चौथे, पुनर्वासित भूमि पर दोबारा अतिक्रमण रोकने के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। नीति आयोग और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को शीघ्र कदम उठाने चाहिए, क्योंकि अब समय विस्तार का है, प्रयोग का नहीं। 2030 के सतत विकास लक्ष्यों की ओर बढ़ता भारत अब शहरी गरीबी उन्मूलन को अनिवार्य आधार मानता है। सूरत ने सिद्ध किया है कि जब राजनीतिक इच्छाशक्ति, सक्षम प्रशासन, जनभागीदारी और तकनीकी नवाचार साथ आते हैं, तो परिवर्तन कागजों से निकलकर जीवन में उतरता है। यदि यही मॉडल देश के अन्य महानगरों और उभरते शहरों में लागू हो, तो करोड़ों लोग झुग्गियों की असुरक्षा से मुक्त हो सकते हैं। उन्हें बेहतर आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षित वातावरण और सम्मानजनक आजीविका मिलेगी। इससे गरीबी घटने के साथ सामाजिक समानता, आर्थिक उत्पादकता और शहरी जीवन की गुणवत्ता भी बढ़ेगी।

भारत आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहाँ शहरों के भविष्य की दिशा तय होनी है। एक रास्ता वह है जिसमें शहरी विस्तार के साथ झुग्गियाँ भी फैलती रहें। दूसरा रास्ता सूरत ने दिखाया है-जहाँ विकास का केंद्र अंतिम पंक्ति का नागरिक होता है। किसी मॉडल की सफलता तभी मानी जाती है जब वह प्रयोग से निकलकर नीति बन जाए। सूरत अब केवल गुजरात का शहर नहीं, बल्कि शहरी भारत के भविष्य की रूपरेखा है। यदि इसे राष्ट्रीय संकल्प बनाया जाए, तो स्लम-मुक्त शहर नारा नहीं रहेंगे, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन में गरिमा, अवसर और आत्मविश्वास का नया अध्याय बनेंगे। यही समय की माँग और भारत के समावेशी भविष्य की दिशा है।

# एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया कि वैज्ञानिक गोष्टी का हुआ आयोजन

राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया, सहारनपुर ब्रांच की मासिक वैज्ञानिक गोष्टी का आयोजन अम्बाला रोड स्थित होटल के सभागार मे हुआ ,जिसमे गैस्ट्रोएन्टीरोलोजिस्ट डॉक्टर रजत बंसल तथा वरिष्ठ न्यूरो-सर्जन डॉक्टर रवि ठक्कर ने अपने विचार रखे।




डॉक्टर रजत बंसल ने कहा कि जी.ई.आर.डी.(G.E.R.D.)के मरीज को दिल मे जलन,खाना वापस मुह मे आना,एसिडिटी, लगातार गला खराब रहना,सुखी खासी आदि लक्षण होते है। डॉक्टर रजत बंसल ने कहा कि यदि 12 हफ्ते मेडिसिन लेने के बाद भीआराम नही मिलता तो मरीज को अपनी जांच करानी चाहिए, कि इस बीमारी का कारण क्या है। वरिष्ठ न्यूरो-सर्जन डॉक्टर रवि ठक्कर ने क्रेनियो-वर्टिबरल जंक्शन की चोट के बारे मे जानकारी दी,उन्होने कहा कि क्रेनियो-वर्टिबरल जंक्शन की चोट की सर्जरी मे बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है,क्योकि इस जगह बहुत सारी नसे होती है,जरा सी असावधानी से नस कटने का खतरा रहता है।ए.पी.आई.के अध्यक्ष डॉक्टर कलीम अहमद ने कहा कि जी.ई.आर.डी.(G.E.R.D)या हाइपर-एसिडिटी के मरीजो को खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए, उन्हे ज्यादा तली-भुनी ,चटपटी, ज्यादा मिर्च-मसाले वाली चीजो का सेवन नही करना चाहिए।शराब और ध्रुमपान का सेवन भी नही करना चाहिए और 7-8 घंटे की नीद लेनी चाहिए। दर्द-निवारक दवाईयो का सेवन भी नही करना चाहिए।

सचिव डॉक्टर विकास अग्रवाल ने सभी अतिथियो का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक सचिव डॉक्टर सौम्या जैन ने किया।इस अवसर पर डॉक्टर अनुपम मलिक, डॉक्टर नरेश नौसरान, डॉक्टर प्रवीण शर्मा, डॉक्टर रजनीश दहूजा, डॉक्टर प्रवीण मित्तल, डॉक्टर अनिल मलिक, डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, डॉक्टर अतुल जैन, डॉक्टर विजय अग्रवाल, डॉक्टर प्रवीण चावला, डॉक्टर प्रतीक गांधी आदि चिकित्सक उपस्थित थे।

# पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में रील के चक्कर में स्टंटबाजी करने वाला युवक पहुंचा सलाखों के पीछे,बाइक सीज

हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड जनपद के थाना पिलखुवा क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली-लखनऊ हाई-वे (NH-9) पर चलती बाइक पर हाथ छोड़कर खतरनाक स्टंट करने व रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने वाले इस कृत्य का हापुड़ पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया है। पिलखुवा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी स्टंटबाज युवक को मय मोटर साइकिल हिरासत में ले लिया है।यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाली उक्त बाइक को एमवी एक्ट के तहत सीज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। हापुड़ एसपी ने आम जनता और विशेषकर युवाओं से अपील की है कि सोशल मीडिया पर चंद लाइक्स और व्यूज के चक्कर में अपने और दूसरों के जीवन को खतरे में न डालें। सार्वजनिक मार्गों पर इस प्रकार की अनुशासनहीनता और खतरनाक कृत्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। चेतावनीः सड़क पर स्टंटबाजी कर दूसरों की जान आफत में डालने वालों के खिलाफ हापुड़ पुलिस की जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। यातायात नियमों का पालन करें,सुरक्षित रहें।

# सपा कार्यकर्ताओ ने तेजपाल प्रमुख के नेतृत्व में सालेपुर कोटला और असौड़ा कई जगहों पर किया पौधारोपण



हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत पांचवें दिन रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार 1 जुलाई 2026 से 7 जुलाई 2026 तक पूरे देश एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपद एवं तहसीलों में वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है।इसी कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जनपद हापुड़ के ग्रामअसौडा,सालेपुर कोटला, आवास विकास कॉलोनी में वृक्षारोपण किया गया और 2012 से 2017 तक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं जो चलाई गई उन योजनाओं के बारे में जनता को अवगत कराया एवं 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री बनना है और पूरे प्रदेश का विकास करना है। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर,अली मुर्तजा प्रधान,राजेश यादव, आकाश राणा,खुशबू अली नईम भाई कमरुद्दीन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी तेजपाल प्रमुख भूतपूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी हापुड़ के द्वारा दी गई।

# 18 जुलाई को देहरादून राजभवन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नैतिक शिक्षा पर होगी चर्चा, हापुड़ से जाएगा 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल

राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड़ के तत्वावधान में महिला ब्रिगेड की पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुमन त्यागी के नेतृत्व में उनके आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला संरक्षक शशांक मुनि त्यागी ने की, जबकि संचालन जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने किया। संस्था के प्रदेश प्रवक्ता एवं हापुड़ जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि 18 जुलाई को देहरादून स्थित राजभवन में राष्ट्रीय सैनिक संस्था की शिक्षा विंग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नैतिक शिक्षा के समावेश को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



इस कार्यक्रम में शिक्षा और नैतिक मूल्यों पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य लोग अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी (वीर चक्र) तथा उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इसके अलावा परमार्थ निकेतन के संस्थापक पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती, राष्ट्रीय संयोजक राजन छिब्बर, भारतीय सेना के पूर्व सैन्य सचिव लेफ्टिनेंट जनरल शक्ति गुरुंग, लेफ्टिनेंट जनरल अश्वनी कुमार बक्शी, शिक्षा विंग के राष्ट्रीय संयोजक मेजर जनरल प्रो. (डॉ.) ओ.पी. सोनी, सुभारती विश्वविद्यालय के चांसलर मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल तथा महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. नीलम पवार भी मौजूद रहेंगी।

जिला सचिव मुकेश प्रजापति ने बताया कि हापुड़ से पश्चिमी उत्तर प्रदेश महिला ब्रिगेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी के नेतृत्व में 30 पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देहरादून राजभवन जाएगा। बैठक में सुमन त्यागी, ज्ञानेन्द्र त्यागी, मुकेश प्रजापति, शशांक मुनि त्यागी, मुकेश त्यागी, श्याम वर्मा, रामौतार सैनी, राजकुमार शर्मा, डॉ. अजय त्यागी, तरुण ध्यानी, अनिल त्यागी, राजकुमार वर्मा, श्रीराम प्रजापति, नताशा त्यागी, प्राची खुल्लर सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर बाबूगढ़ थाने में शिविर संचालकों व डीजे संचालकों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना बाबूगढ़ परिसर में क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी बाबूगढ़ द्वारा शिविर संचालकों एवं डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने सभी शिविर संचालकों एवं डीजे संचालकों को शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी शिविर संचालक प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

बैठक में डीजे संचालकों को निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करने, आपत्तिजनक गीतों का प्रसारण न करने तथा प्रशासन द्वारा तय नियमों के अनुसार ही डीजे संचालन करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने का आह्वान किया।

# केबल चोरी की घटना का पदार्फाश, दो शातिर चोर डीसीएम गाड़ी और भारी मात्रा में माल समेत गिरफ्तार

राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के अंतर्गत थाना देवबंद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए चोरी की एक बड़ी घटना का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर भारी मात्रा में चोरी का सामान तथा वारदात में इस्तेमाल की गई एक डीसीएम गाड़ी बरामद हुई है, जिसे पुलिस द्वारा सीज कर दिया गया है।




बीती 2 जुलाई 2026 को रंजीत नगर (थाना जनकपुरी, जिला सहारनपुर) के निवासी प्रशांत राघव पुत्र संजय ने थाना देवबंद में एक लिखित तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने अज्ञात चोरों द्वारा 3 गुना 300 एक्सएलपीई केबल का एक पूरा ड्रम चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस तहरीर के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना देवबंद पर मुकदमा अपराध संख्या 487/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के कड़े निर्देशन में अपराध की रोकथाम के लिए जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबंद के निकट पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में देवबंद पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। 5 जुलाई 2026 को मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने साखन नहर हाईवे के पास नहर पटरी से दोनों शातिर चोरों को दबोच लिया। पकड़े गए शातिर चोरों की पहचान नफीस पुत्र सिद्दीक (निवासी मोहल्ला पुरानी तहसील, कोर्ट रोड बागपत, थाना व जनपद बागपत) और जैयद पुत्र निजुद्दीन (निवासी मोहल्ला बंजारों वाली मस्जिद, फरीद नगर, थाना भोजपुर, जिला गाजियाबाद) के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की निशानदेही और कब्जे से पुलिस ने चोरी किया गया माल बरामद कर लिया है। बरामद सामान में 535 किलोग्राम बिजली के पाइप की प्लास्टिक और 84 किलोग्राम बिजली का एल्युमिनियम तार शामिल है। इसके अलावा चोरी की घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई डीसीएम गाड़ी, जिसका नंबर यूपी 15 एफटी 9574 है, को भी बरामद कर 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। इस बड़ी बरामदगी के बाद दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर रही है।

# गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने मोहसीन हत्याकांड का कर दिया खुलासा,स्विफ्ट कार और लोहे की रॉड के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के थाना गढ़मुक्तेश्वर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार बिष्ट की पुलिस टीम ने न्यू बिस्मिल्लाह होटल के पास डंडों और लोहे की रॉड से पीट-पीटकर की गई मोहसीन हत्या कर दी गई थी। हत्या के मामले में खुलासा किया है। गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले तीन वांछित अभियुक्तों को दोताई पुल नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे और उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार,एक लोहे की रॉड और एक बांस का डंडा बरामद हुआ है।पुलिस पूछताछ और जांच में सामने आया कि मृतक मोहसीन ने अपना एक पुराना पुश्तैनी मकान किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया था। मुख्य आरोपी नवाब इस मकान को खुद खरीदना चाहता था। इसके अलावा,मृतक मोहसीन ने आरोपी नवाब से कुछ रुपए उधार भी ले रखे थे। मोहसीन जब नवाब पर अपने रुपए वापस करने का दबाव बना रहा था। तो इसी लेनदेन और मकान के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी।बीती 29 जून 2026 को मोहसीन अपनी ससुराल गाजियाबाद से बस के द्वारा लौट रहा था। इसी दौरान आरोपी नवाब ने अपने साथियों के साथ उसका पीछा किया। जैसे ही मोहसीन न्यू बिस्मिल्लाह होटल के पास बस से उतरते समय ही आरोपियों ने उसे घेर लिया और मोहसीन के सिर में लोहे की रॉड व डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

# लाखों की चरस सहित दो महिला नशा तस्करों को दबोचा

राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) द्वारा मादक पदार्थों और नशे के अवैध कारोबार तथा प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के लिए एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है। तीनों जनपदों में नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर के संकल्प के साथ संचालित किए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली देहात पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो शातिर महिला नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के अनुपालन में पुलिस को यह कामयाबी मिली। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री हृदयनारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात की एंटी रोमियो टीम गश्त पर थी। इसी दौरान



मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नई बस्ती हलालपुर में छोटी नहर के पास एक खाली प्लॉट से दोनों महिला तस्करों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई नशा तस्करों की पहचान मिश्वरी पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद यूसुफ और मोबीना पत्नी नौमान उर्फ चवन्नी के रूप में हुई है। ये दोनों ही महिला अभियुक्त थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर के नई बस्ती हलालपुर इलाके की रहने वाली हैं। पुलिस टीम ने गिरफ्तार की गई दोनों महिलाओं के कब्जे से 450 ग्राम अवैध चरस और 2850 रुपये की नगदी बरामद की है। इस भारी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली देहात पुलिस के अनुसार, पकड़ी गई दोनों महिला तस्करों से गहन पूछताछ की जा रही है। इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने के लिए उनके फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक्स (यानी माल कहां से आता था और किसे बेचा जाता था) की गहनता से जांच की जा रही है ताकि नशे के इस पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जा सके। गिरफ्तार की गई दोनों महिला अभियुक्तों के खिलाफ वैधानिक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# ग्राम सचिवालय में मिशन 2027 और 15 अगस्त की रैली पर रणनीति तैयार

राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय शोषित दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी माननीय एडवोकेट एन. पी. आनंद आज ग्राम चकवाली के सचिवालय पहुँचे, जहाँ उन्होंने आगामी मिशन 2027 तथा 15 अगस्त को आयोजित होने वाली विशाल सामाजिक परिवर्तन रैली की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान, अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी तथा रैली को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय एडवोकेट एन. पी. आनंद ने श्री सावन बाबरे को राष्ट्रीय शोषित दल का सहारनपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। नियुक्ति की घोषणा के बाद उपस्थित कार्यकताओं ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में माननीय एन. पी. आनंद ने कहा कि संगठन की मजबूती, युवाओं की सक्रिय भागीदारी और समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलना ही राष्ट्रीय शोषित दल का लक्ष्य है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से मिशन 2027 एवं 15 अगस्त की विशाल सामाजिक परिवर्तन रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 'ऑपरेशन सवेरा' के तहत फतेहपुर पुलिस को बड़ी सफलता

## 150 ग्राम चरस के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार, स्विफ्ट कार बरामद

राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** ऑपरेशन सवेरा -नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत सहारनपुर पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना फतेहपुर पुलिस ने 150 ग्राम अवैध चरस और एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सवेरा' के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा के




नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को चेकिंग के दौरान कार्रवाई की। पुलिस ने कमेशपुर अंडरपास के पास से मुरसलीन पुत्र दिलशाद निवासी बंदरजुडा, थाना बुग्गावाला, जनपद हरिद्वार उम्र 31 वर्ष को दोपहर 12:05 बजे गिरफ्तार किया। तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से 150 ग्राम चरस और स्विफ्ट कार नंबर UK07TD3887 बरामद हुई। पुलिस ने कार को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना फतेहपुर में मु.अ.सं. 266/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा, उपनिरीक्षक शेषपाल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रेम चौधरी और कांस्टेबल आकाश कुमार शामिल रहे।

# टनकपुर से कैलाश मानसरोवर यात्रा के प्रथम दल को मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड से संचालित पावन कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुभारंभ रविवार को टनकपुर से हुआ। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शारदा पर्यटक आवास गृह से कैलाश मानसरोवर यात्रा के प्रथम दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय एवं सफल यात्रा की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का पारंपरिक छोलिया नृत्य से आत्मीय स्वागत किया गया तथा पुलिस द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं का रुद्राक्ष की माला एवं भगवान शिव का पटका पहनाकर स्वागत किया और उनसे आत्मीय संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से ही किसी श्रद्धालु को इस पवित्र यात्रा का अवसर प्राप्त होता है। यात्रा के दौरान आने वाली प्रत्येक चुनौती का सामना श्रद्धा और धैर्य के साथ करना चाहिए, क्योंकि शिव में अटूट विश्वास ही सभी कठिनाइयों को सरल बना देता है।

उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा सीमांत क्षेत्रों के लिए विकास और समृद्धि का माध्यम भी है। यह यात्रा सीमांत गांवों की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय जीवन से देशभर के लोगों को जोड़ती है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से स्थानीय हस्तशिल्प एवं उत्पादों की खरीद कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। देशभर में प्राचीन मंदिरों का पुनरुद्धार एवं सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जिससे भारत की आध्यात्मिक विरासत को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए भगवान भोलेनाथ से सभी की सुखद एवं सफल यात्रा की प्रार्थना की।



यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भी राज्य सरकार द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की। सातवीं बार कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे श्रद्धालु श्री अनिल कुमार जैन सहित अन्य सभी यात्रियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं। शनिवार सायंकाल टनकपुर पहुंचे प्रथम दल का देवभूमि की परंपरा के अनुरूप छोलिया नृत्य, पुष्पवर्षा, फूल-मालाओं एवं भव्य स्वागत के साथ अभिनंदन किया गया। श्रद्धालुओं के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति एवं लोक कलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं।

शारदा पर्यटक आवास गृह के प्रबंधक श्री मनोज कुमार ने बताया कि प्रथम दल में चिकित्सक सहित कुल 49 तीर्थयात्री शामिल हैं, जिनमें 34 पुरुष एवं 15 महिला श्रद्धालु हैं। दल में आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के श्रद्धालु सम्मिलित हैं, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता एवं राष्ट्रीय एकता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। दल के साथ तमिलनाडु के डॉ. अरुण कुमार चिकित्सक के रूप में शामिल हैं। राजस्थान के 68 वर्षीय श्री पुरुषोत्तम खंडेलवाल दल के सबसे वरिष्ठ तीर्थयात्री हैं, जबकि गुजरात के 21 वर्षीय श्री हरिकृष्णा सबसे युवा श्रद्धालु हैं। यह यात्रा सभी आयु वर्ग के लोगों की भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष प्रयासों से लगातार दूसरे वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा का संचालन टनकपुर मार्ग से किया जा रहा है। इससे सीमांत जनपद चम्पावत को धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिली है तथा स्थानीय व्यापार, पर्यटन, परिवहन, होटल व्यवसाय एवं रोजगार के अवसरों को भी उल्लेखनीय बढ़ावा मिल रहा है।

'हर-हर महादेव' एवं 'बम-बम भोले' के जयघोष से गुंजायमान टनकपुर में प्रथम दल के प्रस्थान के साथ ही पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण रहा। देवभूमि उत्तराखंड ने एक बार फिर अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं अतिथि सत्कार की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री आनंद सिंह अधिकारी, मंडल आयुक्त कुमाऊं एवं मुख्यमंत्री के सचिव श्री दीपक रावत, पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं मंडल श्रीमती निवेदिता कुकरेती, प्रबंध निदेशक कुमाऊं मंडल विकास निगम श्री विनीत तोमर, जिलाधिकारी चम्पावत श्री मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक चम्पावत श्रीमती रेखा यादव, जीएम कुमाऊं मंडल विकास निगम श्री मनोज कुमार, उपजिलाधिकारी टनकपुर श्री प्रमोद कुमार, जनप्रतिनिधिगण, आईटीबीपी, सेना, एसएसबी एवं ग्रेफ के अधिकारी, विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## टीएसआई निशांत राघव के नेतृत्व में ईदगाह चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई



मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार के निर्देशन में तथा टीएसआई निशांत राघव के नेतृत्व में आज ईदगाह चौराहा पर विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आगरा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को रोककर उनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। मौके पर कई वाहनों के चालान किए गए तथा नियम तोड़ने वाले चालकों को सख्त चेतावनी दी गई। टीएसआई निशांत राघव ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर अभियान की निगरानी की और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से अनुपालन करने की अपील की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। अंत में नागरिकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग दें।

# सड़क की मांग को लेकर स्वंत्रन्त्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी का क्रमिक अनशन जारी

### बागेश्वर संघर्ष वाहिनी ने धरना स्थल पहुंचकर आंदोलन को दिया समर्थन

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बागेश्वर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.महेंद्र सिंह करायत के नाम पर प्रस्तावित मोटर मार्ग को कनगाड़छीना में नेशनल हाइवे मोटर मार्ग में मिलाने की र्माण की मांग को लेकर चल रहा क्रमिक अनशन जारी है ।क्रमिक अनशन की अगुवाई कर रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं सेनानी के उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत ने सड़क निर्माण को लेकर आरपार की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र के विकास के लिए 5618 वर्षों से लगातार सड़क की मांग उठाने के बाद अब तक सड़क का मिलान नेशनल हाईवे सड़क में और शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को सड़क निर्माण के लिए ज्ञापन देने के बाद उनकी मांगों की अनदेखी की गई, उन्होने चेतावनी देते हुए शासन स्तर से 700 मीटर



सड़क का निर्माण और कनगाड़छीना तक अवशेष सड़क निर्माण का शाशनादेश जारी नही होने तक अपना आंदोलन अंतिम सांस तक जारी रखने की बात कही ।उन्होंने क्षेत्रीय विकास हेतु मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। फतेह सिंह करायत ने कहा उनके पिता स्व. महेंद्र सिंह करायत के नाम से स्वीकृत सड़क का निर्माण एनएच-309 से नही किए जाने तक अपना आंदोलन जारी रखने की बात कही है ।उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान और क्षेत्र की जनता के अधिकारों से भी जुड़ा विषय है। क्रमिक अनशन को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का भी समर्थन मिल रहा है ।इसी बीच क्रमिक अनशन लगातार जारी है जल्द मामले में लिखित आश्वासन और शासनादेश जारी नही हो जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा. पांचवे दिन क्रमिक अनशन में जैनकरास निवासी देव सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे ।क्रमिक अनशन को बागेश्वर सँघर्ष वाहिनी जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने भी अपना समर्थन देते हुए आंदोलन को जायज बताया और शीघ्र सड़क निर्माण को स्वीकृति देने और शीघ्र सड़क निर्माण का शासनादेश जारी नही करने पर आंदोलनकारी फतेह सिंह के साथ आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी।

वही भाजपा नेता रवि करायत ने विधायक प्रतिनिधि के तौर पर अपने स्तर से सड़क निर्माण के लिए कार्रवाई होने और स्थानीय विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास ने सड़क निर्माण हेतु लगातार विभाग और शासन स्तर पर शीघ्र मामले का समाधान करने की बात कही। इस दौरान केशर सिंह, सुरेंद्र करायत, पूरन करायत, हरीश चंद्र आर्या, अंकुर उपाध्याय, पूरन सिंह, रतन सिंह, विजय परिहार नन्दन सिंह दीवान सिंह आदि मौजूद थे।

## भाजपा विधायक द्वारा वीर चंद गढ़वाली के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी से बागेश्वर संघर्ष वाहिनी खफा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बागेश्वर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के खिलाफ भाजपा विधायक द्वारा अनर्गल टिप्पणी करने के शोशल मीडिया में वायरल वीडियो के आधार पर एक महान स्वतंत्रता सेनानी के अपमान करने के विरोध में बागेश्वर संघर्ष वाहिनी के कार्यकताओं ने कड़ी आपत्ति जताते हुए भाजपा विधायक का पुतला दहन किया। रविवार को वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में वाहिनी से जुड़े कार्यकर्ता एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। सभा करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने भाजपा विधायक का पुतला दहन कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान सर्वोपरि है और उनके प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा विधायक दलीप सिंह रावत के खिलाफ उचित कार्रवाई करने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं ने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियां प्रदेश की जनता की भावनाओं को आहत करती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर अंकुर उपाध्याय, विजय परिहार, नवनीत बिष्ट, संस्कार भारती, वीरेंद्र सिंह नेगी, विशाल रावत, रिजवान खान, चेतन बोरा, अजीत भारती सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर सैकड़ों हाथों ने दिया स्वच्छ ब्रज का संदेश

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** 'हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' महाअभियान के अंतर्गत रविवार को गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर विशाल स्वच्छता श्रमदान किया गया। भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली ब्रज की धार्मिक गरिमा और प्राकृतिक पवित्रता को बनाए रखने के उद्देश्य से चले इस अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों, उद्योग जगत और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नागरिकों ने भाग लिया। मंडलायुक्त आगरा नगेंद्र प्रताप ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में महाअभियान का आयोजन हो रहा है। रविवार को उज्ज्वल ब्रज संस्था के तत्वावधान में संत गयाप्रसाद जी की



समाधि और रमणरेती आश्रम से अभियान शुरू हुआ। स्वयंसेवकों ने परिक्रमा मार्ग की तलहटी से प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन, रैपर तथा अन्य कचरा एकत्र किया। श्रद्धालुओं ने भी अभियान में सहयोग करते हुए स्वच्छ ब्रज का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायन दास अग्रवाल, केडी यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. रामकिशोर अग्रवाल, जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनूप गुप्ता, उमा मोटर्स के पवन चतुर्वेदी, ब्रजवासी ग्रुप के राजीव ब्रजवासी, के संस फाउंडेशन के सुरेश कौशिक, बेरीवाल रियल एस्टेट ग्रुप के कृष्णकांत बेरीवाल, उज्ज्वल ब्रज संस्था के सचिव अनंत शर्मा, हरिओम बाबा सहित मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव आशीष सिंह, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव पांडेय, तकनीकी विशेषज्ञ आर.पी. सिंह, तपेश भारद्वाज सहित उक्त संस्थानों के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, समाजसेवी एवं स्वयंसेवक शामिल रहे।

## रिफाइनरी हादसाः शटडाउन में झुलसे मजदूर की हालत बेहद चिंताजनक, शरीर पर आई सूजन



**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** मथुरा रिफाइनरी में शटडाउन के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में घायल मजदूर की स्थिति पल-पल बिगड़ती जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुरी तरह झुलसे श्रमिक की हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई है और संक्रमण के चलते उसके पूरे शरीर पर भारी सूजन आ गई है। फिलहाल पीड़ित का उपचार दिल्ली के अपोलो अस्पताल में चल रहा है, जहां डॉक्टरों की विशेष टीम उसे बचाने का प्रयास कर रही है। इस घटना के बाद से रिफाइनरी में काम करने वाले अन्य मजदूरों और श्रमिक संगठनों में प्रबंधन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। मजदूरों का आरोप है कि शटडाउन के दौरान सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई, रिफाइनरी श्रमिकों ने नाराजगी जाहिर की है। एक तरफ जहां घायल मजदूर दिल्ली अपोलो के आईसीयू वार्ड में मजदूर जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है और श्रमिकों में उबाल है, वहीं दूसरी तरफ रिफाइनरी प्रबंधन का रवैया बेहद उदासीन नजर आ रहा है। इस पूरे हादसे पर रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने पूरी तरह चुप्पी साध रखी है। प्रबंधन की इस चुप्पी और संवेदनहीनता को लेकर अब कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# पति की हत्या कर शव बाथरूम में दफनाया, 48 दिन बाद पत्नी गिरफ्तार

मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में सिकंदरा थाना क्षेत्र में सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए पति की हत्या कर शव को घर के बाथरूम में दफनाने वाली पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 18 मई 2026 को महिला ने थाना सिकंदरा में अपने पति सुरेंद्र शर्मा के घर से लापता होने की सूचना दी थी। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी कोई जानकारी न मिलने पर गुमशुदगी दर्ज की गई।

गुमशुदा की तलाश के लिए गठित पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर महिला से गहन पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसकी शादी करीब 16 वर्ष पहले हुई थी। उसका पति शराब पीकर आए दिन उसके और बच्चों के साथ मारपीट



करता था तथा घर खर्च के लिए पैसे भी नहीं देता था। महिला सिलाई कर परिवार का पालन-पोषण करती थी, लेकिन पति उसकी कमाई भी शराब और अपने खर्च के लिए छीन लेता था। लगातार प्रताड़ना से तंग आकर उसने पति की हत्या कर दी। आरोपी महिला की निशानदेही पर पुलिस ने घर के बाथरूम का फर्श खुदवाया, जहां से सुरेंद्र शर्मा के शव के अवशेष बरामद किए गए। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामले में पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# आगरा ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बड़ी समीक्षा बैठक

### 09 प्रमुख चौराहों, ऑटो वेरिफिकेशन और सख्त प्रवर्तन पर पुलिस का फोकस

मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस आयुक्त सचिंद्र पटेल एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात) सोनम कुमार ने यातायात लाइन स्थित नवीन सभागार में सभी यातायात निरीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुचारु और प्रभावी बनाना रहा।




बैठक में शहर के 09 प्रमुख चौराहों पर चल रहे यातायात सुधार कार्यों की समीक्षा की गई और लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऑटो रिक्शा चालकों और वाहनों के सत्यापन अभियान को और तेज एवं व्यापक बनाने पर भी जोर दिया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त प्रवर्तन जारी रखने के निर्देश दिए गए। बिना हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, ओवरस्पीडिंग, अवैध पार्किंग और अन्य नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी चालान एवं कानूनी कार्रवाई जारी रखने को कहा गया। बैठक में गैर-जनपद स्थानांतरित यातायात कर्मियों के स्थान पर शीघ्र प्रतिस्थापन तथा उपलब्ध पुलिस बल का संतुलित उपयोग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। सभी यातायात निरीक्षकों को नियमित क्षेत्र भ्रमण, संवेदनशील चौराहों की निगरानी, नागरिकों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार, त्वरित समस्या निस्तारण और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि शहर में सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# वृक्षारोपण अभियान में बांटे पौधेः नौहझील में हुआ वृक्षारोपण व पौधे विचरण

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/नौहझील।** प्रकृति हमें जीवन देती है। अब हमारी बारी है, उसे कुछ लौटाने की। एडवर्ड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के डिजिटल मार्केटिंग में 15 वर्ष एवं किसानों के हित में मेरी खेती डाट काम के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में नौहझील स्थित ब्रज धाम फार्म पर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ हुआ। जेवी ग्रीन फाउण्डेशन के सहयोग से 1000 फल एवं छायादार पौधों के निःशुल्क वितरण एवं वृक्षारोपण अभियान का यहां शुभारंभ हुआ।

शनिवार 12 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि



आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, हरियाली और स्वस्थ पर्यावरण का संकल्प है। एडवर्ड मीडिया से कृष्ण -दिनेश पाठक ने हर व्यक्ति से एक पौधा हर वर्ष लगाने व उसको देख देख के लिए गोद लेने की अपील की। जेवी ग्रीन फाउण्डेशन के संस्थापक जगराम यादव ने आग्रह किया कि आप अपने परिवार एवं मित्रों सहित इस अभियान का हिस्सा बनें। एक पौधा अपने साथ लेकर जाएँ और उसे अपने घर, खेत या इस पडौस में लगाएं। मुकेश भारद्वाज, बच्चू लाल शर्मा, तेजपाल चौधरी, योगेन्द्र गुप्ता, राजू, मोरध्वज, मनोज पाठक, बिजेंद्र सिंह प्रधान, संतोष भारद्वाज, यज्ञदत्त, रोहित शर्मा, जगराम यादव, दिलीप यादव, अंकित तिवारी, रोहित, संजंय, नारायण, गेंदालाल पाठक, दिनेश , कृष्ण पाठक, सोनेश आदि ने भाग लिया । सेवानिवृत्त शिक्षक छेदालाल पाठक ने आभार प्रदर्शन किया।

# घर लौट रहे युवक का उज्जैन में मिला शव, मां की आखिरी बातचीत के बाद बंद हुआ मोबाइल, गांव में पसरा मातम

## अहमदाबाद से ट्रेन से घर लौट रहा था 26 वर्षीय कल्लू कुमार, तीन दिन बाद क्षिप्रा नदी में मिला शव; पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के लोहरौली ठकुराई गांव का 26 वर्षीय युवक कल्लू कुमार घर लौटने की उम्मीद लेकर अहमदाबाद से रवाना हुआ था, लेकिन उसकी मंजिल घर नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के उज्जैन की क्षिप्रा नदी बन गई। मां से तबीयत खराब होने की आखिरी बात करने के कुछ ही देर बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और तीन दिन बाद उसका शव क्षिप्रा नदी में तैरता मिला। इस दर्दनाक खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया, जबकि गांव में मातम पसर गया। अब परिजन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिससे मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके।

### मां से हुई आखिरी बातचीत, फिर हमेशा के लिए खामोश हो गया मोबाइल

परिजनों के अनुसार, कल्लू कुमार पुत्र चंद्रभान उर्फ पंडित रोजगार के सिलसिले में अहमदाबाद में मेहनत-मजदूरी करता था। करीब 27 जून को वह गांव से अहमदाबाद गया था। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसने घर लौटने का फैसला किया और एक जुलाई की सुबह अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस से संतकबीरनगर के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पहले उसने अपनी मां फूलमती से फोन पर बात करते हुए बताया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है और वह घर वापस आ रहा है। इसके कुछ देर बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। परिवार लगातार संपर्क करने की कोशिश करता रहा, लेकिन उससे कोई बात नहीं हो सकी।

### तीन दिन बाद क्षिप्रा नदी में मिला शव, आधार कार्ड से हुई पहचान

तीन जुलाई को उज्जैन पुलिस को क्षिप्रा नदी में एक युवक का शव तैरता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में



लेकर तलाशी ली तो उसके पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान संतकबीरनगर के लोहरौली ठकुराई निवासी कल्लू कुमार के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी, जिसे सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### उज्जैन में ही नम आंखों से किया गया अंतिम संस्कार

मृतक के पिता चंद्रभान उर्फ पंडित ने बताया कि उनका बेटा मेहनत-मजदूरी कर पूरे परिवार का सहारा था। पुलिस के अनुसार शव करीब तीन दिन तक नदी में रहने के कारण काफी खराब हो चुका था। सूचना मिलने पर परिवार के लोग उज्जैन पहुंचे। पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजनों ने नम आंखों से वहीं उसका अंतिम संस्कार कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### दो भाइयों में सबसे छोटा, पांच बहनों का था सहारा

कल्लू कुमार दो भाइयों और पांच बहनों में सबसे छोटा था। बड़े भाई अशोक कुमार ट्रक चालक हैं। पांच बहनों में तीन की शादी हो चुकी है, जबकि दो छोटी बहनें अभी अविवाहित हैं। परिवार को उम्मीद थी कि कल्लू की मेहनत से घर की आर्थिक स्थिति सुधरेगी और छोटी बहनों की शादी भी होगी, लेकिन उसकी असमय मौत ने परिवार के सभी सपनों को तोड़ दिया।

### मां-बहनों की चीखों से गूंज उठा घर, गांव में पसरा सन्नाटा

बेटे की मौत की खबर मिलते ही मां फूलमती बेसुध हो गईं। दोनों छोटी बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि बड़ी बहनें भी गहरे सदमे में हैं। परिवार की चीख-पुकार सुनकर पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीण लगातार शोक संतप्त परिवार के घर पहुंचकर उन्हें सांत्वना दे रहे हैं।

### हर जुबान पर एक ही सवाल आखिर क्या हुआ कल्लू के साथ?

लोहरौली ठकुराई गांव में हर कोई यही जानना चाहता है कि घर लौट रहे एक मेहनती युवक के साथ आखिर ऐसा क्या हुआ।

अहमदाबाद से घर आने निकला बेटा परिवार तक नहीं पहुंच सका और उसकी मौत रहस्य बन गई। अब परिवार के साथ-साथ पूरे गांव की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे इस दर्दनाक घटना के पीछे की सच्चाई सामने आ सके।

## झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत, कई मोहल्लों में जलभराव से बढ़ी परेशानी



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** रविवार को हुई झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी से लोगों को बड़ी राहत दिलाई, लेकिन कस्बे के कई इलाकों में जलभराव की समस्या भी खड़ी हो गई।

जगह-जगह पानी भरने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने जलभराव के वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन पर समस्या के समाधान में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल थे। रविवार को अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज बारिश शुरू हो गई।

बारिश का लोगों ने जमकर आनंद लिया। बच्चे और युवा बारिश में भीगते नजर आए, वहीं किसानों ने भी बारिश को राहत भरी बताया।दूसरी ओर, तेज बारिश के चलते कस्बे के कई मोहल्लों और मार्गों पर पानी भर गया।

देहात क्षेत्र को जोड़ने वाली जनता कॉलोनी का रास्ता जलभराव के कारण तालाब जैसा दिखाई दिया, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित रहा। कस्बे की छोटी नहर पर सिंचाई विभाग की ओर से नहर किनारे लगाई गई जालियां पानी का कटान होने कारण बह गईं।

कस्बे के लोगों का कहना है कि बरसात के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष ऐसी स्थिति बन जाती है। लोगों ने प्रशासन से जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 56मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण व 28 की हुई जांच

## उबला पानी पिएं,मच्छरदानी का उपयोग करें-डाक्टर अब सूफियान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मगहर में रविवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अबु सूफियान खान की देख रेख में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।जिसमें कुल56मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही 28लोगों के विभिन्न प्रकार की खून की जांच कर मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सलाह के साथ ही उनमें निःशुल्क दवायें वितरित की गईं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अबु सुफियान खान ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रविवार को कुल 56मरीजों की जांच की गयी। इस दौरान बुखार,खांसी,ब्लड प्रेशर, बलगम सहित विभिन्न प्रकार के ब्लड की भी कुल 28 लोगों की जांच कर उनमें निःशुल्क दवायें वितरित की गयी है। आगे बताया कि मौसम का पारा चढ़ता उत्ताप रहा है।इस के कारण कभी तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी और कभी बारिश होरही है। ऐसे में बहुत सावधानी की आवश्यकता है। स्वच्छ साफ उबला पानी पीते रहें। इस समय डेंगू,मलेरिया, त्वचा रोग, फेफड़े,सुगर व बीपी के मरीज बढ़रहे हैं। इसके साथ ही त्वचा के मरीज,फूड प्वाइजनिंग,वाइरल फीवर,मियादी बुखार, खांसी, सर्दी, जुकाम, खुजली, फोड़े,फुंसी आदि सहित विभिन्न प्रकार के मरीज इलाज हेतु आरहे हैं। बच्चों में खजुलाहत, बुखार, दस्त, छोटी छोटी फुंसी, खांसी की भी शिकायत आरही है। जिनका मर्ज के हिसाब से इलाज किया जारहा है।अन्य जांच व गम्भीर बीरियों के मरीजों को सीएचसी खलीलाबाद के लिए भेज दिया जाता है।आगे बताया कि उबला पानी पिएं, मच्छरदानी का उपयोग करें,हरी सब्जी,सलाद का सेवन अवश्य करें।जीएनएम शालिनी पांडेय ने बताया कि महिलाओं में कमर दर्द, पीरियड,लिकोरिया के मरीज आरहे हैं। प्रसूताओं को विभिन्न जानकारी देने के साथ ही निःशुल्क दवायें भी दी जाती हैं। फार्मासिस्ट विक्रमादित्य नागवंशी ने बताया कि लगभग सभी दवाएं उपलब्ध है। प्रभारी चिकिसाधिकारी की सलाह पर मरीजों में निःशुल्क दवायें दीजाती हैं। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अबु सूफियान खान, फार्मासिस्ट विक्रमादित्य नागवंशी, जीएनएम शालिनी पांडेय,लैब टेक्नीशियन शिवनन्दन, जीएनएम आशा यादव, एएनएम ललिता, नमिता, बाबूराम, एएनएम रजनी साव ,जीएनएम हरिकेश आदि लोग मौजूद रहे।

# बारिश नहीं होने से किसानों के चेहरे पर छाई मायूसी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के गांवों के किसान बारिश नहीं होने से मायूस हो गये हैं तो वहीं जलस्तर घटने से पानी का संकट उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है। बारिश नहीं होने और बढ़ते तापमान ने लोगों को परेशान कर रखा है।

धान की रोपाई को लेकर किसानों को चिंता सताने लगी हैं। सेमरियावां क्षेत्र में बोरिंग का वाटर लेवल करीब 30 फीट नीचे चला गया है। जिससे पानी के संकट की आशंका बनी हुई है।

नल में जहाँ पानी कम हुआ है तो वहीं कुछ गांव में नल में पानी नहीं है। हालात इतने गंभीर हैं कि किसानों की धान की रोपाई ठप पड़ गई है, जबकि धान की नर्सरी (बीज) पूरी तरह तैयार है।

माइनर सरयू नहर खण्ड संख्या-3 भी पूरी तरह सूखी पड़ी है, जिससे सिंचाई का संकट और गहरा गया है। एक ओर किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं, तो दूसरी ओर सूखी नहरें और गिरता भूजल उनकी चिंता बढ़ा रहा है।

अगर जल्द सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराया गया, तो किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर सकता है और फसल को भारी नुकसान हो सकता है। ग्रामीण एजाज अहमद, इसरार अहमद, कलीमुल्लाह, अजीमुल्लाह, राम तीरथ, सचिदानंद पांडेय, सतेंद्र यादव, अफसरूद्दीन, अबू हुरैरा, नियाज अहमद, राम बेलास चौधरी, वसीम अहमद, अतीक अहमद, रिजवान मुनीर आदि ने प्रशासन से नहरो में पानी छोड़ने की मांग किये हैं।

# कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कोलकी चमरसन में पीड़ित परिवार से की मुलाकात






**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर रविवार को विधायक वीरेंद्र चौधरी और जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में बखिरा थाना क्षेत्र के बभनी में आनंद कुमार हत्याकाण्ड के पीड़ित परिजनों से कोलकी चमरसन पहुंचकर मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल ने आनंद के परिजनों को आश्वासन दिया। कि पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है।इन्साफ दिलाने के लिए पार्टी सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी। इसकी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को दी जायेगी। प्रतिनिधिमण्डल में प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, बृजेश कुमार आर्य, महेश कुमार, डॉ. अखिलेश शर्मा, सतीश साहनी, के सी भारती, शान्ति देवी, पंकज राव, सुभाष चन्द्र दास, अहमद जमाल, मोईन अंसारी, रीना देवी आदि शामिल रहें। प्रतिनिधिमण्डल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार की सुरक्षा और आर्थिक सहायता दिलाये जाने की भी मांग की है। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि यह मामला विधानसभा में उठाया जाएगा। इस अवसर पर सुनील पाण्डेय, नीलम चतुर्वेदी, निसार अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, राजेन्द्र चतुर्वेदी, अमित कुमार सिंह, मोहम्मद रशीद, देवदत्त मणि त्रिपाठी, विजय पाण्डेय, सत्या त्रिपाठी, सचिन कुमार, शैलेन्द्र नाथ पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

# नीमा ने तेज किया सदस्यता अभियान, आयुष चिकित्सकों से जुड़ने की अपील



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) की जिला शाखा ने सदस्यता अभियान को गति देते हुए रविवार को जनपद के विभिन्न आयुष चिकित्सकों से संपर्क किया। पदाधिकारियों ने चिकित्सकों से संगठन की सदस्यता ग्रहण करने की अपील की, जिसे चिकित्सकों ने सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए शीघ्र सदस्यता फॉर्म जमा करने का आश्वासन दिया। अभियान के दौरान नीमा के जिलाध्यक्ष डॉ. जावेद कमाल ने कहा कि संगठन आयुष चिकित्सकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक चिकित्सकों से संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ. कमलेश मिश्रा, डॉ. मसूद अख्तर, डॉ. आर.एन. जायसवाल, डॉ. शुभ्रा पांडे, डॉ. अरुण द्विवेदी, डॉ. रफीउद्दीन खां तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राधेश्याम पांडे मौजूद रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन आयुष चिकित्सकों ने अभी तक जिला स्तर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय में अपना पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें शीघ्र पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया जाएगा।

# पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान जी की 80वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मुरादाबाद द्वारा पार्टी कार्यालय, पीतल नगरी में पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की 80वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर स्वर्गीय रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके 80वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केक काटा गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया गया तथा मिठाई एवं फलों का भी वितरण किया गया। प्रदेश सचिव अरविंद राठौर ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल देते हुए स्वर्गीय रामविलास पासवान के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनके विचार एवं समाज के प्रति समर्पण सदैव कार्यकताओं को प्रेरित करते रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजीम, प्रदेश प्रवक्ता हकीम बुरहान, प्रदेश सचिव अरविंद राठौर तथा मुरादाबाद मंडल प्रभारी अंकित चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन महानगर अध्यक्ष अकरम खान ने किया। इस अवसर पर विधानसभा-27 के विधानसभा अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, विधानसभा-28 के विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल्ला बुखारी, मीडिया प्रभारी अमर विश्वकर्मा, जिला संगठन मंत्री नदीम खान, जिला प्रचार मंत्री शाह मियां, महानगर उपाध्यक्ष दानिश कलीम खान, जिला सचिव, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा कम्मो शर्मा, कविता शर्मा, ममता, सिमरन पासा, कोषाध्यक्ष सचिन, पुनीत रस्तोगी, राजू तोमर, रमेश प्रजापति, जीफोक, सुनील सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाईवे पर कुत्ता आने से बाइक फिसली, दो घायल

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के दिल्ली–सहारनपुर हाईवे पर रविवार को बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।कस्बा निवासी रजनीश और राहुल रविवार को किसी कार्य से शामली गए थे।अपना काम समाप्त होने के बाद दोनों बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। थाना क्षेत्र की खंद्रावली चौकी के पास अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक फिसल गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों की चीख, पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी।सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद राहुल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि रजनीश को उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

## बिजली लाइन विस्तार की मांग को लेकर ग्रामीण ने यूपीपीसीएल एमडी से लगाई गुहार

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र की कांधला देहात निवासी समाजसेवी ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर क्षेत्र में विद्युत लाइन का विस्तार कर बिजली सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के कांधला निवासी समाजसेवी जावेद हसन ने बताया कि देहात के उनके क्षेत्र में अब तक विद्युत लाइन का विस्तार नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों को बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार स्थानीय विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत और अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।उन्होंने प्रबंध निदेशक से मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने तथा क्षेत्र में शीघ्र विद्युत लाइन का विस्तार कर नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली सुविधा मिलने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी और दैनिक जीवन के साथ कृषि कार्यों में भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं होता तो जल्दी क्षेत्र के लोग विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

## शिव मंदिर के बाहर से श्रद्धालु की बाइक चोरी, पुलिस से बरामदगी की गुहार

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील कें शिव मंदिर के बाहर खड़ी एक बाइक चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने काफी तलाश के बाद भी बाइक का सुराग न लगने पर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी रजनीश पुत्र सुरेंद्र सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि विगत एक जुलाई की शाम करीब 5 :30 बजे वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक से गांव स्थित शिव मंदिर में दर्शन करने गया था। बाइक मंदिर के बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। करीब 15 मिनट बाद लौटने पर बाइक वहां से गायब मिली। आसपास के लोगों से पूछताछ करने और परिवार व दोस्तों की मदद से काफी तलाश करने के बावजूद बाइक का कोई पता नहीं चल सका।पीड़ित ने आशंका जताई कि अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए।

# कुंभकरण की नींद सोया प्रशासन, जगह जगह छलक रही मदिरा, शराबी मस्त, प्रशासन पस्त

## मॉडल शॉप की तरह चल रहा खजुरिया का देशी शराब ठेका, ढेबरुवा-ढेकहरी मार्ग पर राहगीर परेशान

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** स्थानीय आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की कथित अनदेखी के चलते क्षेत्र में शराब ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला देबरुवा से ढेकहरी मार्ग का है, जहां खजुरिया के निकट स्थित एक देशी शराब का ठेका इन दिनों सामान्य दुकान के बजाय 'मॉडल शॉप' की तर्ज पर संचालित होता दिखाई दे रहा है। इस दुकान पर सुबह से लेकर देर रात तक पियक्कड़ों और अराजक तत्वों की भारी भीड़ जमा रहती है, जिससे इस मुख्य मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों के मुताबिक, खजुरिया के पास स्थित इस देशी शराब के ठेके पर नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। देशी शराब की दुकानों पर केवल सीलबंद बोतल या पौवा बेचने का नियम है, लेकिन यहाँ का नजारा बिल्कुल अलग है। ठेके के आसपास और मुख्य सड़क के किनारे ही शराब पीने वालों का ताँता लगा रहता है। दुकान के इर्द-गिर्द खाने-पीने और चखने की अनधिकृत व्यवस्था होने के कारण लोग इसे मॉडल शॉप समझकर वहीं पर जाम छलकाना शुरू कर देते हैं, जिससे यहाँ हमेशा मेले जैसा माहौल और भारी भीड़-भाड़ बनी रहती है। देबरुवा से ढेकहरी को जोड़ने वाला यह मार्ग अत्यंत व्यस्त माना जाता है। इस रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, स्कूली बच्चे, छात्राएं और महिलाएं आवागमन करती हैं। ठेके पर जुटने वाली शराबियों की अनियंत्रित भीड़ और उनके द्वारा की जाने वाली तेज आवाजें व अमर्यादित भाषा के कारण इस मार्ग से गुजरने वाली महिलाओं और संभ्रांत नागरिकों को बेहद असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। नशे में धुत असामाजिक तत्वों के चलते यहाँ कभी भी बड़ी अप्रिय घटना या आपसी विवाद होने का अंदेशा बना रहता है।

नियमानुसार सार्वजनिक स्थलों या शराब के ठेके के ठीक बाहर खुले में मदिरापान कराना कानूनी रूप से दंडनीय अपराध है। इसके बावजूद, मुख्य मार्ग पर इस कदर भीड़ जुटना और खुलेआम शराब का दौर चलना स्थानीय ढेबरुआ पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े करता है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि सब कुछ जानते हुए भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर से अपनी आँखें मूंदे बैठे हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

खजुरिया और आसपास के ग्रामीणों सहित इस मार्ग का उपयोग करने वाले राहगीरों ने जिला प्रशासन और आबकारी कमिश्नर का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराया है। लोगों ने मांग की है कि इस ठेके पर तत्काल औचक निरीक्षण कर सड़क किनारे महफिल जमाने वाले शराबियों और उन्हें बढ़ावा देने वाले संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि देबरुवा-ढेकहरी मार्ग पर आवागमन पूरी तरह सुरक्षित और शांतिपूर्ण हो सके।

# आईएमए प्राइड-2026 में सम्मानित हुए पिलानी के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आर.पी. पारीक

## चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं का मिला राज्य स्तरीय सम्मान

डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** चिकित्सा क्षेत्र में समर्पण, उत्कृष्ट सेवा एवं मरीजों के प्रति संवेदनशील कार्यशैली के लिए पिलानी के वरिष्ठ फिजिशियन एवं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. आर.पी. पारीक को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), राजस्थान द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'आईएमए प्राइड-2026' समारोह में राज्य स्तरीय सम्मान से अलंकृत किया गया। यह गरिमामयी समारोह सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर में आयोजित हुआ।




समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा रहे। कार्यक्रम में आईएमए राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा, प्रदेश सचिव डॉ. एन.के. अग्रवाल सहित प्रदेश के अनेक वरिष्ठ चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रदेशभर से लगभग 500 चिकित्सकों की सहभागिता वाले इस भव्य समारोह में चिकित्सा सेवा, जनस्वास्थ्य एवं समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान देने वाले चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इसी क्रम में डॉ. आर.पी. पारीक को वर्षों से चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, मधुमेह उपचार में विशेषज्ञता तथा मानवीय सेवा-भाव के लिए सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि डॉ. पारीक को इससे पूर्व भी एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (अढक) तथा रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (फरउक्र) जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। लगातार मिल रहे ये सम्मान उनकी चिकित्सा विशेषज्ञता, सेवा-निष्ठा और समाज के प्रति समर्पण का प्रमाण हैं।

डॉ. पारीक को मिले इस सम्मान पर झुंझुनूं के डॉ. जगदेव सिंह, डॉ. अनिल महलावत, डॉ. लालचन्द ढाका, चिड़ावा के डॉ. एल.के. शर्मा, डॉ. प्रकाश शर्मा तथा पिलानी के डॉ. नवीन जैन, डॉ. सांखला सहित अनेक चिकित्सकों, सामाजिक गणमान्य व्यक्तियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। सभी ने इसे पिलानी एवं समूचे शेखावाटी क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा राम में नव नियुक्त अध्यक्ष अजय तिवारी का हुआ भव्य स्वागत



संदीप तिवारी

**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** पिंडरा विधानसभा में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (राम)वाराणसी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय कुमार तिवारी का स्वागत किया गया,जिसमें वाराणसी जिला प्रभारी श्री मानस पांडेय,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्री शिवपूजन चौबे,जिला सचिव व अजगरा विधान सभा प्रभारी श्री संतोष कुमार चौबे,जिला संगठन सचिव श्री विनय पांडेय,डेविड मिश्रा,आशुतोष पाठक,आशुतोष दुबे,हेमंत पाठक, निलेश तिवारी, कमलेश पाण्डेय ,रत्नेश पाठक,शिव शंकर विश्वकर्मा,बच्चे लाल चौहान,शिव कुमार शुक्ला,सतीश सिंह,शेरू मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा वीरू, प्रीतम विश्वकर्मा, सीतू दुबे,दीपक दुबे आदि लोगों ने जिलाध्यक्ष अजय कुमार तिवारी का स्वागत किया, व पार्टी के विस्तार के बारे में चर्चा किया।

## रंगारंग प्रस्तुतियों और सम्मान के साथ एमआईईटी में गूंजा फेयरवेल समारोह



उज्ज्वल रस्तौगी

**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** एमआईईटी के बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) विभाग में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए रंगारंग फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. संजीव कुमार सिंह, डीन बीटेक (कंप्यूटर साइंस) डॉ. कृष्ण कुमार तथा विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम के दौरान जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर छात्रों के लिए उनके चार वर्षों के सफर, उपलब्धियों और यादगार पलों पर आधारित विशेष वीडियो प्रस्तुति दिखाई। प्रथम वर्ष की पुरानी यादों को देखकर कई छात्र भावुक हो उठे। समारोह में अंश शर्मा को मिस्टर फेयरवेल, लहर बंसल को मिस फेयरवेल, ध्रुव गुप्ता को मिस्टर पर्सनैलिटी तथा नलिनी सिरोही को मिस पर्सनैलिटी चुना गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल एवं बरखा अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया

# विश्वप्रसिद्ध दशहरी की खुशबू में सराबोर हुई 'मैंगो पिकनिक-2026'





वेलकम इंडिया संवाददाता

**माल(लखनऊ)।** माल क्षेत्र के विश्वप्रसिद्ध आमों की मिठास और प्राकृतिक वातावरण के बीच रविवार को लखनऊ कनेक्शन वर्ल्ड वाइड की ओर से आयोजित 'मैंगो पिकनिक-2026' में प्रकृति, संस्कृति और पारिवारिक सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला। लखनऊ से करीब 30 किलोमीटर दूर अजय राज त्रिपाठी के आम उपवन में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सदस्य अपने परिवारों के साथ शामिल हुए और पूरे दिन उत्साहपूर्ण माहौल में विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया।

पिकनिक के दौरान प्रतिभागियों ने माल क्षेत्र में पैदा होने वाले दशहरी समेत विभिन्न किस्मों के विश्वप्रसिद्ध आमों का स्वाद लिया। साथ ही आम की खेती, बागों की परंपरा और क्षेत्र की समृद्ध आम संस्कृति के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। संगीत, मनोरंजक खेल, समूह संवाद और सांस्कृतिक गतिविधियों ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

संस्था के संस्थापक सुनील मिश्रा ने कहा कि माल के आम केवल स्वाद के लिए ही नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और विरासत के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन लोगों को प्रकृति के करीब लाने के साथ सामाजिक सरोकारों और पारिवारिक रिश्तों को भी मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में एडमिन एवं प्रोग्राम निदेशक डॉ. राजीव कुमार सक्सेना तथा समन्वयक आलोक शंकर और निमिषा सोनकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य एवं उनके परिजन मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने आयोजन को यादगार बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।

## लखनऊ अग्निकांड पर ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी ने जताया शोक, सभी कोचिंग सेंटरों व शिक्षण संस्थानों की अग्नि सुरक्षा जांच की मांग

राजेंद्र सिंह




**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में हुई भीषण अग्निकांड की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस हृदयविदारक हादसे में 15 छात्र-छात्राओं की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य छात्र-छात्राएं जान बचाने के प्रयास में घायल हो गए।यह घटना पूरे देश को झकझोर देने वाली है।उन्होंने कहा कि लखनऊ हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने भी इस मामले में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि 15 युवाओं की जान जाना राज्य की दयनीय स्थिति को दर्शाता है। न्यायालय ने राज्य सरकार को अग्नि सुरक्षा नियमों के पालन, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने तथा प्रभावी कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।पंडित गोपाल शर्मा ने महामहिम राज्यपाल को भेजे पत्र में मांग की है कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में अग्निशमन विभाग एवं विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि सभी स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटरों, होटलों तथा अन्य सार्वजनिक संस्थानों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का विशेष अभियान चलाकर निरीक्षण कराया जाए। जहां भी सुरक्षा मानकों में कमी मिले, वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह के सहयोगियों का हुआ सम्मान, कल्याणी लोक सेवा समिति ने जताया आभार



वेलकम इंडिया संवाददाता

**प्रयागराज।** कल्याणी लोक सेवा समिति द्वारा 15 मार्च 2026 को आयोजित 23 जोड़ों के सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समाजसेवियों, दानदाताओं, स्वयंसेवकों एवं अन्य सहयोगियों के सम्मान में शनिवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथियों द्वारा सभी सहयोगियों को सम्मानित कर उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सहयोग और सहभागिता से ही ऐसे जनकल्याणकारी आयोजन सफल हो पाते हैं तथा भविष्य में भी समिति समाजहित के कार्य निरंतर करती रहेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं अतिथि उपस्थित रहे एवं सभी पदाधिकारी अध्यक्ष रूपाली अवस्थी जी, डांस कोरियोग्राफर एवं कोषाध्यक्ष सचिन निषाद, राजकुमार द्विवेदी, श्याम सूरत पांडे, धर्मेंद्र कुमार निषाद, अंजनी निषाद, प्रेमा श्रीवास्तव, बबीता नेहा रचना हेमा आरती सरिता अनामिका ज्योति जायसवाल रितु मिश्रा ट्विंकल श्रीवास्तव रानी केसरवानी रीता रानी जयसवाल रेखा राय राजलक्ष्मी तिवारी रेनू जायसवाल गुड़िया हर्षित गुप्ता निशा अग्रवाल नीलम शर्मा, अतुल खन्ना सुशील लक्ष्मण जायसवाल राकेश सचदेवा सतीश जी वेद हरीश कुमार अग्रवाल अखिलेश सर पदम लाल निषाद, अभिषेक निषाद, मीडिया प्रभारी सनी केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहें।

## न्यायालय के आदेश पर उपेंद्र यादव 6 माह के लिए जिला बदर, पुलिस ने सीमा से बाहर छोड़ा




वेलकम इंडिया संवाददाता

**रामघाट(बुलंदशहर)।** न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रामघाट पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई करते हुए उसे जनपद बुलंदशहर की सीमा से बाहर छोड़ दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि न्यायालय के आदेश के तहत उपेंद्र यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी मौनीपुरा को पुलिस टीम ने उसके घर से गिरफ्तार किया। इसके बाद आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे जनपद बुलंदशहर की सीमा से बाहर छोड़ दिया गया। न्यायालय के आदेश के अनुसार उपेंद्र यादव को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है।सीमा से बाहर छोड़ते समय एसएसआई कृष्णपाल सिंह ने उपेंद्र यादव को सख्त चेतावनी दी कि यदि जिला बदर की अवधि के दौरान वह बिना अनुमति जनपद बुलंदशहर की सीमा में प्रवेश करता है, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।कार्रवाई के दौरान एसएसआई कृष्णपाल सिंह, उपनिरीक्षक ऋषिपाल सिंह, उपनिरीक्षक जिलालुद्दीन, हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, श्याम सिंह तथा अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

सीमा से बाहर छोड़ते समय एसएसआई कृष्णपाल सिंह ने उपेंद्र यादव को सख्त चेतावनी दी कि यदि जिला बदर की अवधि के दौरान वह बिना अनुमति जनपद बुलंदशहर की सीमा में प्रवेश करता है, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# नेक कार्यों से हो अपनों का पुण्य स्मरण: बोहरा

## 'प्रभु के चरणों में' पुस्तक का हुआ विमोचन, पुण्यतिथि पर पौधारोपण कर की गौमाता की सेवा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बाड़मेर राजस्थान।** अपनों की स्मृति में सेवा कार्य की कड़ी में रविवार को श्रद्धेय श्री बाबुलाल भंसाली की पुण्यतिथि पर सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन एवं दिनेश भंसाली की उपस्थिति में 'प्रभु के चरणों में' धार्मिक पुस्तक का विमोचन हुआ तथा पौधारोपण कर गौमाता को हरा-चारा व गुड़ खिलाया गया।





दिनेश भंसाली ने बताया कि पिताजी श्रद्धेय श्री बाबुलाल भंसाली की स्मृति में रविवार को उनकी पुण्यतिथि पर 'प्रभु के चरणों में' एक धार्मिक पुस्तक का कुशल वाटिका में तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत स्वामी के श्रीचरणों में विमोचन किया गया। वहीं उनकी स्मृति में नन्दी गौशाला में गौमाता को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया तथा कुशल वाटिका परिसर में पौधारोपण कर उनका स्मरण किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि अपनों की स्मृति में व्यक्ति को नेक व पुण्य के कार्य कर जीवों के कल्याण व दया की भावना रखनी चाहिये। अमन ने कहा कि पुण्यतिथि एक अवसर है जिसके माध्यम से हम अपनों को स्मरण करते है तथा उनके निमित कुछ अच्छा करने का प्रयास करते है। इस दौरान मुकेश अमन, दिनेश भंसाली, भरत भंसाली, अंकित जैन, चन्दन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रामघाट-अलीगढ़ कल्याण सिंह मार्ग का निर्माण कार्य फिर हुआ शुरू खबर का हुआ असर

वेलकम इंडिया संवाददाता

**रामघाट(बुलंदशहर)।** रामघाट-अलीगढ़ कल्याण सिंह मार्ग का पिछले दो माह से रुका हुआ निर्माण कार्य सावन मास की कांवड़ यात्रा से पहले सड़क का डामरीकरण पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जाता है कि सड़क निर्माण कार्य तेजी से चल रहा था। डिवाइडर बनने के बाद दोनों ओर गिट्टी डाल दी गई थी, लेकिन डामरीकरण से पहले तारकोल की उपलब्धता में कमी और उसके दाम बढ़ जाने के कारण निर्माण कार्य अचानक रुक गया। इससे क्षेत्र के लोगों को उड़ती धूल और आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।





क्षेत्रीय जनता की समस्या को दैनिक समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर का असर होने पर ठेकेदार की ओर से जेई जिया खान ने निर्माण कार्य दोबारा शुरू करा दिया और सड़क पर गिट्टी डलवाने का कार्य तेजी शुरू कराया जा रहा है।

जेई जिया खान ने बताया कि तारकोल की आपूर्ति में समस्या के कारण निर्माण कार्य कुछ समय के लिए बाधित हो गया था। अब कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है और प्रयास है कि सावन की कांवड़ यात्रा से पहले रामघाट-अलीगढ़ कल्याण सिंह मार्ग का डामरीकरण एवं निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए, जिससे श्रद्धालुओं और आम जनता को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त डॉ नीरजा माधव के बहुभोज आयोजन में सम्मिलित हुए राष्ट्रीय सनातन संघ अध्यक्ष

संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय सनातन संघ के विशेष राष्ट्रीय सलाहकार एवं महाबोधि इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. बेनी माधव तथा अंतराष्ट्रीय साहित्यकार, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ.नीरजा माधव के सुपुत्र केतन माधव एवं पुत्रवधू तनु माधव के बहु भोज का आयोजन गुरुवार को बनारस घराना लान में धूमधाम से संपन्न हुआ।



इस मांगलिक अवसर पर संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय कन्हैया पांडे, राष्ट्रीय प्रभारी आदरणीय देवेंद्र कुमार पांडे, राष्ट्रीय प्रवक्ता आदरणीय योगेश कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश प्रभारी विजय शंकर चौबे एवं मंडल सचिव उदय प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह विशेष रूप से सम्मिलित हुए। सभी पदाधिकारियों ने नव दंपति के सुखद दांपत्य जीवन की कामना की और डॉ. बेनी माधव व डॉ. नीरजा माधव को बधाई दी।

# वास्तु शास्त्र केवल भवन निर्माण का विज्ञान नहीं, बल्कि पंच महाभूतों के साथ तालमेल बिठाने की कला है: डॉ सोनिका जैन

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** ज्योतिष ज्ञानपीठ की चेयरपर्सन डॉक्टर सोनिका जैन ने कहा कि वास्तु शास्त्र केवल भवन निर्माण का विज्ञान नहीं, बल्कि पंच महाभूतों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश - के साथ तालमेल बिठाने की कला है। संगीत वाद्ययंत्र 'नाद-ब्रह्म' के सचेतन रूप माने गए हैं। इनकी स्थापना दिशा, उनकी ऊर्जा, परिवार के मानसिक विकास और ब्रम्हस्थान (ऊर्जा केंद्र) को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। यह लेख तार्किक दृष्टि से विभिन्न वाद्ययंत्रों व म्यूजिक सिस्टम के लिए क्रोनोलॉजिकल ऑर्डर में वास्तु नियम प्रस्तुत करता है।

संगीत वाद्ययंत्र (म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स),वायु आधारित वाद्य (सुषिर वाद्य) - बाँसुरी, शहनाई, सेक्सोफोन, माउथ ऑर्गन आदि। तत्व संबंध: इनमें वायु तत्व प्रधान है। वास्तु में वायु का स्थान उत्तर-पश्चिम (वायव्य कोण) है।

सही दिशा व तर्क: इन वाद्यों को उत्तर या पूर्व दिशा में रखना चाहिए। बजाते समय वादक का मुख पूर्व (सूर्य की दिशा, ज्ञान व नई शुरूआत) या उत्तर (समृद्धि व सरस्वती की दिशा) की ओर हो। मानसिक प्रभाव: वायु तत्व की शुद्धि से मन में स्पष्टता, संचार



क्षमता और रचनात्मकता बढ़ती है। बाँसुरी विशेष रूप से वास्तु दोष दूर करने में सहायक मानी गई है।

तार आधारित वाद्य (तत वाद्य) - सितार, वीणा, गिटार आदि। तत्व संबंध: इनमें आकाश तत्व (ध्वनि का माध्यम) व पृथ्वी तत्व (स्थिरता) का सम्मिश्रण है।

सही दिशा व तर्क: इन्हें उत्तर दीवार के साथ लकड़ी के स्टैंड पर रखें, और तार पूर्व दिशा की ओर हों। इसे कभी भी फर्श पर न रखें। वीणा व सरस्वती का संबंध ईशान (उत्तर-पूर्व) कोण से है, अतः वहाँ सरस्वती का चित्र रखना शुभ है। मानसिक प्रभाव: सितार व वीणा की ध्वनि मन के तार को छेड़ती है, जिससे मानसिक रोग दूर होते हैं। सही दिशा में रखने पर यह एकाग्रता, बुद्धि और भावनात्मक संतुलन को बढ़ाती है।

हारमोनियम, पियानो, पियानो एकॉर्डियन। तत्व संबंध: ये वायु (धौंकनी/रीड) व अग्नि (धातु के तार/कुंजियाँ) तत्वों का संगम हैं।

सही दिशा व तर्क: बजाने वाले का मुख पूर्व या उत्तर की ओर हो। कुंजी-पटल (Keys) पूर्व/उत्तर खुलें और धौंकनी पश्चिम/दक्षिण रहे। वाद्य को भजन कक्ष के पश्चिम या उत्तर भाग में रखें। दक्षिण (यम की दिशा) या नैऋत्य की ओर मुख करके न बजाएँ। मानसिक प्रभाव-यह भक्ति व साधना का प्रमुख माध्यम है। सही दिशा में रखने पर पारिवारिक वातावरण में आध्यात्मिक उर्जा का संचार होता है।

इलेक्ट्रॉनिक कीबोर्ड' तत्व संबंध: इसमें अग्नि (बिजली/इलेक्ट्रॉनिक्स) और वायु (ध्वनि) तत्व प्रमुख हैं।

सही दिशा व तर्क: सामान्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तरह इसे दक्षिण या पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। बजाते समय वादक का मुख पूर्व या उत्तर की ओर रखना चाहिए। 'मानसिक प्रभाव: यह बहुमुखी यंत्र है। सही दिशा में होने पर यह बच्चों की सीखने की क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ाता है। गलत दिशा (विशेषकर दक्षिण-पूर्व अग्नि कोण में असंतुलन) में रखने पर मानसिक तनाव व आक्रोश उत्पन्न हो सकता है। डॉ सोनिका जैन चेयरपर्सन : ज्योतिष ज्ञानपीठ।

## रालोद के पूर्व प्रदेश महासचिव रणवीर दहिया को जन्मदिवस की कार्यकताओं ने दी शुभकामनाएं



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** रालोद के कार्यकताओं ने रालोद के पूर्व प्रदेश महासचिव रणवीर दहिया का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर कार्यकताओं में केक काटा और उन्हें पुष्प गुच्छ देकर रणवीर दहिया को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी। मेरठ सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र के गांव में भी कार्यकताओं ने केक काटकर रणवीर दहिया का जन्म दिवस मनाया। रणवीर दहिया ने शुभकामना देने वाले क्षेत्र वासियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। शुभकामनाएं देने वालों में रालोद के वरिष्ठ नेता बिट्टू खंजरपुर,संजीत नेहरा अविनाश कंसल, पप्पू चौधरी, संदीप, सोनू, हरेंद्र सिंह, सुरेश पाल, गौरव चौधरी, नितेश आदि कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी थे।

## भाजपा की ओर बढ़ रहा है लोगों का रुझान, पदाधिकारी और बढ़ाएं मेहनत: मान सिंह गोस्वामी

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं मेरठ जिला प्रभारी मान सिंह गोस्वामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर लोगों का विश्वास और रुझान लगातार बढ़ रहा है। इसे और अधिक मजबूत बनाने के लिए संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ कार्य करना होगा।



वह रविवार को सीकरी स्थित जगन्नाथ कॉलेज में आयोजित भाजपा की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में संगठन के विस्तार, डिजिटल अभियान तथा कार्यकताओं के प्रशिक्षण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मान सिंह गोस्वामी ने कहा कि पार्टी द्वारा डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के जरिए कार्यकताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, सरकार की योजनाओं और आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से 6 जुलाई तक अपने-अपने स्तर पर 200 नए रजिस्ट्रेशन कराने का लक्ष्य पूरा करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि अब तक पश्चिम उत्तर प्रदेश के 330 मंडलों में लगभग दो लाख कार्यकताओं को डिजिटल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से कार्यकताओं को भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, संगठन की विचारधारा, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से संगठनात्मक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने की जानकारी भी दी जा रही है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आह्वान किया गया।

## गुमनाम क्रांतिकारियों की वीर गाथाओं से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ें: दीपक चौधरी




**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मातृभूमि सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर वीरों की शौर्य गाथाओं पर आधारित पुस्तक 'गुमनाम क्रांतिकारी' पूर्व राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय लोक दल दीपक चौधरी को भेंट की। इस अवसर पर दीपक चौधरी ने कहा कि भारत की आजादी केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि लाखों ज्ञात एवं गुमनाम क्रांतिकारियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का अमर प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे वीरों के जीवन से प्रेरणा लेकर युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और देश सेवा की भावना को सशक्त बनाया जा सकता है। दीपक चौधरी ने मातृभूमि सेवा संघ के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'गुमनाम क्रांतिकारी' जैसी पुस्तकें नई पीढ़ी को उन महान स्वतंत्रता सेनानियों से परिचित कराती हैं, जिनके अद्वितीय योगदान को इतिहास में अपेक्षित स्थान नहीं मिल पाया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अंत में दीपक चौधरी ने मातृभूमि सेवा संघ के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के अमर बलिदानियों की गौरवगाथा को समाज तक पहुँचाने का यह अभियान निरंतर जारी रहना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

## ब्राह्मण महासभा द्वारा किया गया चिंतन मंथन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा पंजीकृत द्वारा भगवान परशुराम धाम पुरा महादेव बागपत में ब्राह्मण महासभा द्वारा चिंतन, मंथन, प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बी डी शर्मा व राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज के निर्देशन पर उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित त्रिभुवन शर्मा के आदेशानुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रमोद पांडे व सहारनपुर के प्रभारी अध्यक्ष एवं बागपत के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के संयोजन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तीन मंडलो मेरठ, सहारनपुर,मुरादाबाद के मंडल अध्यक्षों एवं जिला अध्यक्षों वह महामंत्रियों को आमंत्रित किया गया । इस चिंतन मंथन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी को सभा की संपूर्ण जानकारी देना था, सभा किस प्रकार से कार्य करती है । इस बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा ने सभी को निर्देशित किया तथा सभी पदाधिकारी से यदि किसी को कोई भ्रांति है तो उसे दूर करने का प्रयत्न किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी के प्रश्नों का उत्तर दिया और सभी को आशीष दिया कि सभा उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में इस प्रकार के चिंतन, मंथन, शिविर का आयोजन करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री राधेश्याम शर्मा राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर सुरेश कौशिक राष्ट्रीय सचिव पंडित मुनीश शर्मा राष्ट्रीय प्रवक्ता शिव कुमार शर्मा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती मधु भारद्वाज उत्तर प्रदेश महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती अंजू अग्निहोत्री हरियाणा महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं अनेक महिला पदाधिकारी ने इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया कार्यक्रम में प्रदेश सचिव लोकेश वत्स भी उपस्थित रहे।

## जिला सेवा प्रमुख ललित शर्मा को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद् के जिला सेवा प्रमुख ललित शर्मा का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप मे मनाया गया ।

इस अवसर पर निवाड़ी रोड स्थित उनके कार्यालय पर उपस्थित जनमानस ने उनको जन्मदिन की शुभकामनायें देते हुए पुष्पगुछ, पटका एवं पेन भेट किया।

इस अवसर पर शिक्षाविद राजीव दीक्षित ने भी उनको जन्मदिन की शुभकामनायें दी। ललित शर्मा ने सभी को जन्मदिन पर शुभकामनायें एवं आशीर्वाद देने के लिए आभार प्रकट किया।

## परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव रखेंगे सैनिक भवन की नींव

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** शौर्य और बलिदान की धरती मोदीनगर में जल्द ही एक ऐतिहासिक पल देखने को मिलेगा। क्षेत्र में बनने वाले 'सैनिक भवन' की नींव कारगिल युद्ध के नायक और देश के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव के कर-कमलों से रखी जाएगी।कार्यक्रम के दौरान कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव द्वारा सैनिक भवन की नींव की 5 ईंटें विधि-विधान के साथ रखी जाएंगी।

ये 5 ईंटें देश की थलसेना, वायुसेना, नौसेना, अर्धसैनिक बल और पूर्व सैनिकों के अटूट सम्मान और एकता का प्रतीक होंगी।सैनिक भवन का निर्माण मोदीनगर क्षेत्र के पूर्व




सैनिकों, शहीदों के परिजनों और वर्तमान में सेवारत जवानों की सुविधा के लिए किया जा रहा है। क्षेत्र के पूर्व सैनिकों के द्वारा विगत तीन दशकों से निरंतर यहां के जन प्रतिनिधियों से यह मांग उठाई जाती रही है। सैनिक भवन में पूर्व सैनिकों की बैठक, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी, क्षेत्र के शहीदों के नाम उनकी जीवनी, क्षेत्र के सेवारत सैनिकों के रात्रि विश्राम, योजनाओं का पंजीकरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति से जुड़े आयोजन किए जाएंगे।

आयोजन समिति के संयोजक व संगठन संस्थापक लक्ष्मण सिंह राठी व अध्यक्ष ब्लैक कैट कमांडो मनोज शर्मा ने बताया, 'जब कारगिल के हीरो, परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव अपने हाथों से इस भवन की नींव रखेंगे तो यह सिर्फ एक इमारत की शुरूआत नहीं होगी यह हर उस सैनिक के त्याग और शौर्य को समर्पित होगा। जिसने देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। हम चाहते हैं कि मोदीनगर की युवा पीढ़ी इस प्रेरणादायक क्षण की साक्षी बने। इस अनुपम पल के लिए दोनों वरिष्ठ पदाधिकारी ने समस्त पूर्व सैनिकों की ओर से सभी वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों का सैनिक भवन के आवंटन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया की'सबसे पहले हमारे परमवीर प्रातः 10:00 बजे एमएम कॉलेज मोदीनगर में पहुंचेंगे कार्यक्रम उपरांत वे छाया पब्लिक स्कूल गोविंदपुरी के समीप स्थापित होने वाले सैनिक भवन की नींव रखने का कार्य करेंगे। संगठन ने क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे भारी संख्या में पहुंचकर इस गौरवशाली अवसर को सफल बनाए।

## मोहित हत्याकांड में जांच तेज: हर साक्ष्य की हो रही पड़ताल, निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** मोहित हत्याकांड की जांच को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मामले की विवेचना निष्पक्ष, पारदर्शी और कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि जांच के प्रत्येक पहलू का गहन परीक्षण किया जा रहा है, ताकि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो और किसी निर्दोष को परेशानी का सामना न करना पड़े।

मृतक मोहित के परिजनों ने आरोप लगाया है जन्मदिन मनाने के बहाने मोहित को बुलाकर देव, हरी, गौरव शर्मा समेत अन्य अज्ञात लोगों ने कथित रूप से योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद साक्ष्यों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया और सभी आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तथ्यों और अन्य प्रमाणों की बारीकी से जांच की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और पूरे मामले को संवेदनशीलता के साथ निष्पक्ष रूप से अंजाम तक पहुंचाया जाएगा।

## पत्नी से विवाद, साले पर चली गोली: मेरठ जेल का कॉन्स्टेबल साथी समेत गिरफ्तार, पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र में घर के बाहर हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए मेरठ जेल में तैनात एक पुलिस कॉन्स्टेबल और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त .32 बोर की अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। 4 जुलाई को पीड़िता राजेश ने लोनी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि बाइक सवार दो युवकों ने उसके घर के बाहर आकर उसके बेटे तुषार पर जानलेवा फायरिंग की। इसके बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने मेरठ जेल में तैनात पुलिस कॉन्स्टेबल विवेक और उसके साथी नवनीत उर्फ मीनू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में विवेक ने बताया कि पत्नी से चल रहे पारिवारिक विवाद के कारण उसके साले तुषार से भी रंजिश हो गई थी। इसी रंजिश में उसने अपने साथी के साथ मिलकर 3 जुलाई की रात लोनी स्थित ससुराल पहुंचकर तुषार की हत्या के इरादे से फायरिंग की। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि सह-आरोपी नवनीत उर्फ मीनू वर्ष 2021 में हत्या के एक मामले में जेल जा चुका है। जेल में उसकी मुलाकात नावेद बिलौरी से हुई थी, जिसके माध्यम से उसने जेल से छूटने के बाद अवैध पिस्टल खरीदी थी। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## संस्कार उपवन में बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, विश्व चैंपियन ने कराया शूटिंग प्रशिक्षण

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** मुरादनगर के कुर्सी स्थित संस्कार उपवन में रविवार को बालकों के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्व मास्टर शूटिंग चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट राम सिसोदिया ने बच्चों को आत्मरक्षा, अनुशासन और शूटिंग की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने डॉट गेम की तकनीक समझाने के साथ एयर पिस्टल की प्रायोगिक प्रैक्टिस भी कराई तथा शूटिंग के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम परम श्रद्धेय नवनीतप्रिया दास के सानिध्य में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय सैनिक संस्था की गोविंदपुरम मंडल अध्यक्ष डॉ. सरोज सिरोही ने बच्चों को योग के महत्व और स्वस्थ जीवन के लिए उसकी उपयोगिता बताई।


उन्होंने कहा कि नियमित योग से बढ़ती उम्र में भी शरीर स्वस्थ और सक्रिय रहता है। इस अवसर पर





नवनीतप्रिया दास ने युवाओं से शस्त्र और शास्त्र दोनों की शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता रहे। कार्यक्रम में शालिनी भाटी, शशि, ब्रह्मदत्त भाटी, जय प्रकाश, धीरेंद्र त्रिपाठी, ब्रजेश शर्मा, सुमित शर्मा, चिराग भोला, आशीष सिंघल, सोनू चौधरी, निखिल त्यागी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर में करीब 60 से 70 बच्चों ने भाग लिया।

## गाजियाबाद में लिंग जांच का काला कारोबार बेनकाब, चार गिरफ्तार; पुलिस ने पूरे नेटवर्क पर कसा शिकंजा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कोतवाली थाना क्षेत्र में अवैध भ्रूण परीक्षण कराने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कोतवाली थाना पुलिस, स्वाट टीम और क्राइम ब्रांच ने संयुक्त रूप से मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर की। पुलिस के अनुसार, आरोपी गर्भवती महिलाओं का अवैध रूप से भ्रूण परीक्षण कराकर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और लोगों को भ्रूण के लिंग की जानकारी उपलब्ध कराता था, जो कानूनन प्रतिबंधित है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां समाज में कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा को बढ़ावा देती हैं और सरकार के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की भावना के विपरीत हैं। गिरफ्तार चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है।



गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा कर सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# केशव कुमार की शोकसभा में उमड़ा जनसैलाब, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के लोगों ने दी श्रद्धांजलि











**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हिंदू युवा वाहिनी महानगर गाजियाबाद के पूर्व महानगर संयोजक एवं समाजसेवी संजीव वाल्मीकि के बड़े भाई केशव कुमार की स्मृति में आयोजित शोकसभा में शहर के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत केशव कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पंकज शर्मा, प्रदीप चौहान, वाल्मीकि गौरव चोपड़ा, पंकज भारद्वाज, अनिल सांवरिया, विश्व हिंदू परिषद के आलोक गर्ग, हिंदू रक्षा दल के संकेत कटारा एवं गौरव शिशोदिया, समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग, पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अनिल कल्याणी, सिकंदर सूद, पूर्व पार्षद बिल्लू यादव, समाजसेवी राजा ओबरॉय, राजीव त्यागी, अनुराग गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा हिंदू युवा वाहिनी के आयुष त्यागी काकड़ा, विशाल त्यागी, पुष्कर त्यागी, मोनू उपाध्याय, विनय कुमार, रॉबिन सांगवान, महेश सामानीया, बंटी वाल्मीकि, अमित गोला, प्रवीन शर्मा, कुंज बिहारी गोसाई, नवीन गौतम, इमरान, रिजवान एडवोकेट, शरद शर्मा एडवोकेट, हसमत अली अब्बासी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शहर के सम्मानित नागरिकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

# श्री चैतन्य महाप्रभु की प्रभात फेरी में गूंजा हरिनाम संकीर्तन, गुलमोहर एनक्लेव में हुई पुष्पवर्षा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसाइटी में रविवार को पूज्य संत गौर दास जी सत्संग मंडल के तत्वावधान में श्री चैतन्य महाप्रभु की प्रभात फेरी एवं हरिनाम संकीर्तन का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन, मृदंग और करताल की मधुर ध्वनि से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं को वृंदावन जैसा आध्यात्मिक वातावरण महसूस हुआ।





प्रभात फेरी सोसाइटी के विभिन्न टावरों और मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर तथा फूल-मालाएं पहनाकर यात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालु पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन करते हुए श्री चैतन्य महाप्रभु के जयघोष लगाते रहे।

एसपी-2 टावर पहुंचने पर गुलमोहर एनक्लेव की पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने आरती, पुष्पवर्षा और हरिनाम संकीर्तन के साथ प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भगवान को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा महाआरती के बाद सभी भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

रश्मि चौधरी ने कहा कि हरिनाम संकीर्तन और प्रभात फेरी सनातन संस्कृति की अमूल्य परंपराएं हैं, जो समाज में प्रेम, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संचार करती हैं।

वहीं आयोजक देवेंद्र अग्रवाल ने कहा कि पूज्य संत गौर दास जी के सान्निध्य और वैष्णव भक्तों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्री चैतन्य महाप्रभु के हरिनाम संकीर्तन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के प्रत्येक टावर में श्रद्धालुओं द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत से पूरे गुलमोहर एनक्लेव में वृंदावन जैसा दिव्य वातावरण बन गया।

कार्यक्रम में श्री शिव बालाजी धाम मंदिर के पुजारी राजीव मिश्रा, तरुण अग्रवाल, संकल्प अग्रवाल, सृष्टि अग्रवाल, गौरव बंसल, आर.के. गर्ग, दिनेश सिंह, एम.पी. सिंह, किंशुक बंसल, अरविंद सिंघल, प्रभात गर्ग सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान सिहानी गेट थाना पुलिस एवं नासिरपुर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के समापन पर आयोजक देवेंद्र अग्रवाल के आवास के समीप सभी श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई। महाआरती, छप्पन भोग और हरिनाम संकीर्तन से सराबोर यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बन गया।

# केवल 11 रुपये में बनाएंगे हमारी कौशांबी स्वच्छ कौशांबी : वरुण शर्मा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** निगम की लगातार अवहेलना से त्रस्त होकर कौशांबी के बुद्धिजीवी समाज ने अपने हाथ में उठा ली है कौशांबी की सफाई की जिम्मेदारी। इसके लिए समाजसेवी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक और युवा भाजपा नेता वरुण शर्मा के संयोजन में केवल 11 रुपये के सालाना सदस्यता शुल्क में KPMG (कौशांबी पार्क मैनटैननेंस ग्रुप) का गठन किया गया हैं जिसने अपने उद्देश्य स्वच्छ कौशांबी के लिए खुद से सफाई की शुरूवात कौशांबी के सेंट्रल पार्क से कर दी हैं। पार्क में उपस्थित कौशांबी के प्रबुद्ध वर्ग ने रविवार को योगा पॉइंट और उसके पास के एक ब्लॉक की पूरी सफाई की।

झाड़ू लगाकर योगा पॉइंट और उसके आसपास की पटरी पर सफाई की गयी और पार्क के एक ब्लॉक में से सारा कूड़ा उठाया गया। वरुण शर्मा ने बताया की किस तरह कौशांबी का सेंट्रल पार्क जो की कौशांबी की धड़कन के समान हैं और कुछ वर्ष पहले कौशांबी की शान हुआ करता था अब पिछले 5-6 वर्षो से अधिकारियों और स्थानीय पार्षद की अनदेखी के कारण अब दुर्दशा की मिसाल बन गया हैं इसलिए अब स्थानीय निवासियों ने खुद सफाई का बीडा उठा लिया हैं।

इस कार्य में डॉ आचार्या कृति शर्मा,सुनीता सोनी, डॉली खुराना, मंजु कपूर, डॉ किरण प्रसाद, बी के मल्होत्रा,अरुण कुमार, उषा हरि,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक मख्खन लाल शर्मा, टी के भौमिक,शिवम मित्तल, प्रतिभा, कृष्णम दोवाल,श्रीधर, एस के सिंह,संतोष सिंह,संतोष चोपड़ा, सरोज वर्मा,ऋषभ शर्मा, उमेश, मनोज चौधरी, राकेश बघेल ने अपना श्रम दान दिया। इस अभियान से कौशांबी के निवासियों में बेहद उत्साह हैं और आने वाले समय में इसमें बड़ी संख्या में लोगो के जुड़ने की उम्मीद हैं।

# डेढ़ साल से कागजों में कैद पेयजल योजना, पार्षद ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी नगर निगम के वार्ड-28 स्थित राजीव कॉलोनी में डेढ़ वर्ष पूर्व स्वीकृत पेयजल पाइपलाइन योजना अब तक शुरू नहीं होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षद सुधीर कुमार ने इसे गंभीर जनहित का विषय बताते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पार्षद का आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने और कायार्देश जारी होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया। विभागीय अधिकारियों




और ठेकेदार के बीच जिम्मेदारी तय नहीं होने से हजारों लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उद्घाटन जैसी औपचारिकताओं के कारण परियोजना रुकी हुई है तो यह जनता के हितों की अनदेखी है। सुधीर कुमार ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से मिलकर कार्य शुरू कराने का आग्रह किया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में उन्होंने पाइपलाइन का निर्माण तत्काल शुरू कराने, देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार की जवाबदेही तय करने तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। क्षेत्रवासियों को अब शासन स्तर से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद है।

# रोटरी क्लब शिप्रा सनसिटी ने किया पौधारोपण, टी-शर्ट भी वितरित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब शिप्रा सनसिटी की ओर से शनिवार को वृक्षारोपण एवं टी-शर्ट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के दौरान क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही प्रतिभागियों के बीच टी-शर्ट का वितरण भी किया गया।







इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष बीना नेगी ने कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाना समय की आवश्यकता है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में क्लब की सचिव सिमरन कालरा, कोषाध्यक्ष गीताली सैनी, मेंटर सुरेंद्र शर्मा, नवीन शर्मा, जगदीश कालरा, विन एओए के अध्यक्ष सी.पी. वलियान, सचिव ललित पांडे, कोषाध्यक्ष विजयकांत मलिक सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर ऐसे जनहितकारी अभियान चलाने का संकल्प लिया।